NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 99 लखनऊ, रविवार 24 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब बुरी तरह हारा, प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित भारत का मजबूत हुआ संकल्प, झारखंड में करेंगे तेज विकास

एजेंसी।

नई दिल्ली मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है।महाराष्ट्र में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति




की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में छक। का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया। उस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी जी ने रखा... गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान... इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है... इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया कि समाज को बांटने वालों को करारी हार का सामना करना पड़ा और लोगों ने पीएम मोदी की विकास नीतियों की सराहना की है। पिछले कुछ समय से छक्र गठबंधन को यह भ्रम था कि वे लोगों को जाति, संविधान, धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता हासिल कर लेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र ने उन्हें जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ठाकरे ने जनादेश का अपमान किया, लेकिन आज महाराष्ट्र की जनता ने दिखा दिया कि वो महायुति और पीएम मोदी के साथ हैं।

## योगी के नेतृत्व में एक रहा यूपी, कुंदरकी-कटेहरी ने भी लिखा नया इतिहास

।वाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत का ही प्रतिफल है कि समाजवादी पार्टी के घर करहल में भी सपा की जीत का अंतर काफी कम हुआ। 2022 आमचुनाव में सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव ने यहां 67504 वोटों से जीत हासिल की थी, जो 2024 उपचुनाव में घटकर महज 14725 वोट पहुंच गई।लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि उन्हें योगी आदित्यनाथ का ही साथ पसंद है। प्रदेश में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में सात पर एनडीए ने जीत दर्ज की। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी और एक सीट पर एनडीए गठबंधन (रालोद) ने जीत हासिल की। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के हिस्से की कुंदरकी व कटेहरी सीट भी जीत ली। इन दोनों सीटों पर नया इतिहास लिखा गया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में



15 चुनावी कार्यक्रम किए। सीएम योगी ने फूलपुर, मझवा, खैर व कटेहरी में दो–दो रैली की। गाजियाबाद में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक रैली व एक रोड शो कर कमल को फिर से खिलाने की अपील की, जिस पर जनता ने मुहर लगाया। वहीं कुंदरकी व मीरापुर में भी सीएम की रैली हुई। इसका असर यह हुआ कि कुंदरकी में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।कटेहरी में लगभग तीन दशक से अधिक समय से इस सीट पर भाजपा को जीत नहीं मिल पा रही थी, लेकिन इस बार उपचुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कटेहरी में भी कमल ने कमाल कर दिखाया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने तीन दशक बाद यहां कमल खिलाया। धर्मराज निषाद ने न सिर्फ सपा से यह सीट छीनी, बल्कि सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा को 34514 के बड़े अंतर से हराया।

2022 विधानसभा चुनाव में कुंदरकी में समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की थी। इस सीट पर भी विधायक के सांसद चुने जाने के कारण यहां उपचुनाव हुआ। इस सीट पर भी काफी समय से समाजवादी पार्टी का कब्जा था, लेकिन 2024 में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सीट भाजपा के खाते में गई। योगी के आह्वान पर जनता ने यहां से सपा को चारों खाने चित कर दिया। यहां के भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर ने सपा के मो. रिजवान को काफी बड़े अंतर से पराजित किया। मझवा, फूलपुर, गाजियाबाद, खैर

### सपा के घर करहल के साथ सीसामऊ में जीत का अंतर भी हुआ कम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत का ही प्रतिफल है कि समाजवादी पार्टी के घर करहल में भी सपा की जीत का अंतर काफी कम हुआ। 2022 आमचुनाव में सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव ने यहां 67504 वोटों से जीत हासिल की थी, जो 2024 उपचुनाव में घटकर महज 14725 वोट पहुंच गई। तेज प्रताप यादव को यहां से 104304 वोट मिले। भाजपा के अनुजेश यादव ने 89579 वोट प्राप्त किया। वहीं सीसामऊ में 2022 में सपा के इरफान सोलंकी ने 12266 वोटों से जीत हासिल की।

## पंजाब उपचुनाव में 3 सीटें जीती आप केजरीवाल बोले- यह तो सेमीफाइनल है



एजेंसी।

इस वर्ष के प्रारंभ में निवर्तमान विधायकों के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव करवाना जरूरी हो गए थे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी गिद्दड़बाहा और डेरा बाबा नानक विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के गढ़ को भेदने में कामयाब रही, हालांकि वह बरनाला विधानसभा क्षेत्र में अपना गढ़ मुख्य विपक्षी पार्टी के हाथों हार गई। पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक और चब्बेवाल में जबकि कांग्रेस ने बरनाला सीट पर जीत हासिल की है। पंजाब उपचुनाव के नतीजे के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव के नतीजे फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल जैसे हैंय आप को फिर से ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव में आप ने चार में से तीन सीटें जीतीं, भाजपा ने तीन पर जमानत गंवाई। इस वर्ष के प्रारंभ में निवर्तमान विधायकों के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव करवाना जरूरी हो गए थे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी गिद्दड़बाहा और डेरा बाबा नानक विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के गढ़ को भेदने में कामयाब रही, हालांकि वह बरनाला विधानसभा क्षेत्र में अपना गढ़ मुख्य विपक्षी पार्टी के हाथों हार गई। उपचुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली क्योंकि उसके उम्मीदवार चारों सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे। शिरोमणि अकाली दल ने उपचुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। इस जीत के साथ ही 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के पास 94 सीटें और कांग्रेस के पास 16 सीटें हो जाएंगी। जैसे ही नतीजे आए, आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और ढोल की थाप पर नृत्य किया, जबकि सफल उम्मीदवारों ने अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विजय जुलूस निकाले। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उपचुनाव में शानदार जीत के लिए पंजाब के लोगों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पूरे देश में दिन–प्रतिदिन नयी ऊंचाइयों को छू रही है। हम पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए ईमानदारी और बिना किसी भेदभाव के दिन–रात काम कर रहे हैं। हम उपचुनाव के दौरान पंजाबियों से किए गए हर वादे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे। सभी को शुभकामनाएं।

## महाराष्ट्र में फिर एक बार महायुति सरकार, सीएम की रेस बरकरार, झारखंड में हेमंत सोरेन का चमत्कार

एजेंसी

महाराष्ट्र और झारखंड भाजपा का यह प्रदर्शन शानदार रहा है। भाजपा राज्य में 149 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना 57 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही है। जबकि अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट हासिल की हैं।महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आज सामने आ गए हैं। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है। वहीं, झारखंड में हेमंत सोरेन अपनी सरकार बचाने में कामयाब रहे हैं। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने 133 सीटों पर शानदार जीत हासिल की है। भाजपा का यह प्रदर्शन शानदार रहा है। भाजपा राज्य में 149 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना 57 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही है। जबकि अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट हासिल की हैं।ऐसे 288 विधानसभा सीटों वाली महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने 234 सीटें अपने नाम की है। वहीं झारखंड की बात करें तो यहां हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। तमाम मेहनत के बावजूद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को सिर्फ 24 सीटों से संतोष करना पड़ा है। महाराष्ट्र में महायुति की जीत के बाद मुख्यमंत्री के कई दावेदार हो गए हैं वहीं मुख्यमंत्री के रश्मि कई



नाम की भी चर्चाएं शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत की सराहना करते हुए इसे विकास और सुशासन की विजय बताया तथा लोगों को आश्वासन दिया कि सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करना जारी रखेगा। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन को राज्य विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाने में सबसे आगे रहेगी। मोदी ने अपनी पोस्ट को राज्य में 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी टैग किया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन महायुति के जीत ओर बढ़ने के बीच मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर किसी विवाद से इनकार किया और कहा कि महायुति के नेता इस बारे में फैसला करेंगे। फडणवीस ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम बताते हैं कि राज्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करता है। उन्होंने महिला मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया। फडणवीस ने कहा, ''जनता ने झूठा विमर्श गढ़ने और धर्म के आधार पर मतदाताओं को बांटने के विपक्ष के प्रयासों को विफल कर दिया।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के लिए राज्य के लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि गठबंधन को इतना बड़ा बहुमत देकर लोगों ने संविधान के फर्जी शुभचिंतकों की दुकानें बंद करा दीं। शाह ने झारखंड में भाजपा को दूसरे दलों की तुलना में सबसे अधिक वोट देने के लिए राज्य की जनता को भी धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जय महाराष्ट्र! इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि–कोटि वंदन।" कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए शनिवार को दावा किया कि विपक्ष को हराने के लिए षडयंत्र हुआ है और राज्य में (विपक्ष को) निशाना बनाकर समान अवसर की स्थिति को बिगाड़ा गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि झारखंड की जनता ने ध्रुवीकरण की राजनीति को ठुकराया है और देश के लिए सकारात्मक संदेश दिया है। रमेश ने कहा, आज का दिन कांग्रेस के लिए कहीं खुशी का कहीं गम का दिन है। झारखंड की जनता को बधाई देता हूं कि उन्होंने देश को रास्ता दिखाया है। ध्रुवीकरण की राजनीति को ठुकराया है। सारा चुनाव एक मुद्दे और एक शब्द घुसपैठिए पर लड़ा गया, लेकिन जनता ने निर्णायक जवाब दिया।

### हाट सीट कोपरी–पचपाखड़ी विधानसभा से सीएम शिंदे की शानदार जीत,

, t l h

शिंदे ने 2022 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी को विभाजित करने के लिए तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था और सीएम बनने के लिए भाजपा के साथ चले गए थे। जबकि विभाजन से सेना के दो गुटों के बीच कड़वाहट पैदा हो गई। अंततः उन्हें पार्टी का नाम और उसका धनुष–तीर प्रतीक मिल गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कोपरी–पचपखाड़ी सीट 1,20,717 वोटों से बरकरार रखी। पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस के घासीगांवकर संजय पांडुरंग को हराकर कोपरी–पचपखाड़ी सीट जीती थी। मुंबई से सटे अपने गृह क्षेत्र ठाणे में जबरदस्त प्रभाव रखने वाले शिंदे को 78.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 1,59,060 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिव सेना (यूबीटी) के उम्मीदवार केदार दिघे, जो शिंदे के गुरु दिवंगत आनंद दिघे के भतीजे हैं, को 38,343 वोट मिले। शिंदे ने 2022 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी को विभाजित करने के लिए तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था और सीएम बनने के लिए भाजपा के साथ चले गए थे। जबकि विभाजन से सेना के दो गुटों के बीच कड़वाहट पैदा हो गई।

## असम उपचुनाव में सभी 5 सीटों पर एनडीए की जीत, सीएम सरमा ने किया ट्वीट

एजेंसीं

सामागुरी में डिप्लू रंजन सरमा, बेहाली में दिगंता घाटोवाल और धोलाई में निहार रंजन दास। इसने दो अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों का समर्थन किया – असम गण परिषद की दीप्तिमयी चौधरी ने बोंगाईगांव सीट पर जीत हासिल की, जबकि यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल के निर्मल कुमार ब्रह्मा ने सिडली में महत्वपूर्ण बढ़त के साथ जीत हासिल की।समागुरी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस की करारी हार हुई है। यह सीट 2000 से उसके पास थी। जिससे भाजपा और उसके सहयोगियों को असम की पांच विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में क्लीन स्वीप हासिल करने में मदद मिली। भाजपा ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके उम्मीदवारों ने



हर एक पर जीत हासिल की। सामागुरी में डिप्लू रंजन सरमा, बेहाली में दिगंता घाटोवाल और धोलाई में निहार रंजन दास। इसने दो अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों का समर्थन किया – असम गण परिषद की दीप्तिमयी चौधरी ने बोंगाईगांव सीट पर जीत हासिल की, जबकि यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल के निर्मल कुमार ब्रह्मा ने सिडली में महत्वपूर्ण बढ़त के साथ जीत हासिल की।इनमें से चार सीटें पहले उन्हीं पार्टियों` विधायकों के पास थीं, भाजपा की सबसे बड़ी जीत समागुरी में है, एक बड़ी अल्पसंख्यक आबादी वाली सीट जिसका प्रतिनिधित्व 2000 से लगातार पांच बार असम कांग्रेस के दिग्गज नेता रकीबुल हुसैन ने किया था। रकीबुल के विधायक के रूप में लंबे कार्यकाल से पहले, उनके पिता नुरुल हुसैन, जो एक कांग्रेस नेता भी थे, ने 1980 और 1990 के दशक में दो बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उपचुनाव में कांग्रेस ने रकीबुल के 26 वर्षीय बेटे तंजील को सीट से मैदान में उतारा था, रकीबुल उनके अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। प्रचार सीट पर चुनाव संबंधी हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता घायल हो गए। पूरे दिन मतगणना के दौरान रुझान दोनों उम्मीदवारों के बीच बदलता रहा।

## महाराष्ट्र और यूपी के उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा सांसद अरुण सागर ने कार्यकर्ताओ को मिठाई बांटकर मनाया जश्न

### बटेंगे तो कटेंगे, नारे का सांसद ने किया समर्थन, बोले-महाराष्ट्र की जनता ने इसको सराहा

शाहजहांपुर में भाजपा सांसद अरुण सागर ने महाराष्ट्र में भाजपा को मिली जीत के बाद मिठाई बांटकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, इस नारे को महाराष्ट्र की जनता ने सराहा है। वही यूपी में हुए उपचुनाव में सात सीटें जीतने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में संविधान को लेकर अफवाह फैलाई थी। उपचुनाव में जनता ने उनको सबक सिखा दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और यूपी की जनता का आभार जताया है।



महाराष्ट्र में भाजपा की जीत लगभग तय है। बहुमत के करीब पहुंचते ही भाजपा सांसद अरुण सागर ने आवास पर आए समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा की जीत की बधाई दी। भाजपा सांसद अरुण सागर ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र के अंदर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत मिल रही है। महाराष्ट्र की जनता बधाई की पात्र है। वहां की जनता ने पार्टी पर विश्वास किया है। भाजपा हमेशा उर्जावान कार्यकर्ताओं, समर्थकों और पदाधिकारियों के दम पर चुनाव जीतती है। बटेंगे तो कटेंगे, नारा सही है। क्योंकि जो बटेंगे तो हम लोग कटेंगे। महाराष्ट्र की जनता ने इसको श्रेय देने का काम किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उसका जनता को लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार चल रही है। यूपी में कानून व्यवस्था का राज है। गुंडा माफिया अब दिखाई नही पड़ता है। उसी का परिणाम है कि आज नौ में से सात सीटे भाजपा ने जीती हैं। इंडिया गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनाव में संविधान का सहारा लेकर झूठी अफवाह फैलाई थी। इंडिया गठबंधन ने हमारी भोली–भाली जनता को ठगने का काम किया था। उनकी चालबाजी को जनता समझ गई थी। इसलिए उपचुनाव का रिजल्ट सबके सामने है।

# एवोक इंडिया ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में 7वें संस्करण का आयोजन किया'

## इस सम्मेलन में 30 वक्ता, 5 पैनल और 500 प्रतिभागी शामिल हुए

लखनऊ, एवोक इंडिया ने 23 नवंबर 2024 को "अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता सम्मेलन (रुथ्स्ब2024)" का 7वां संस्करण आयोजित किया। सम्मेलन का विषय था "वित्तीय समावेशन और साक्षरतारू 2047 तक एक विकसित राष्ट्र की ओर सम्मेलन का उद्घाटन माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने किया। इसमें कई प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें श्री एस एस मुंद्रा, पूर्व उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक, श्री शशि कुमार, कार्यकारी निदेशक, ैम्ठ९ श्रीमती कमला कांतराज, प्रमुख विनियामक अधिकारी, ठैम् इंडिया, श्री देवेश माथुर, मुख्य परिचालन अधिकारी, ैम्ठ८ बांगलादेश, श्री अरुण रस्ते, डक और ब्म्, छब्क्म्, सीए दीपा शेषाद्री, ैटच, अपोलो अस्पताल, चेन्नई और श्री पंकज कुमार, ब्ळड, छ ।ठ ।त्क शामिल थे। उद्घाटन सत्र सहित 4 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जो किसानों, महिलाओं, युवाओं, डैडम् और स्टार्टअप्स के वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित थे। वित्तीय समावेशन और साक्षरता नेतृत्व (थ्पस्स्) अवार्ड्स 2024 तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए व्यक्तिगतरू विजेता – मिस विधि ा मिगलानीय हरियाणा,1ज रनर अप – श्री गणेश कालासकरय पुणे, 2दक रनर अप – डॉ. सुप्रिया अग्रवाल, लखनऊ,संस्थारू विजेता दृ आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी लिमिटेड, मुंबईय,रनर अप दृ भदेसरमाऊ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, लखनऊ,नवाचाररू शिवांशु द्विवेदी, बेंगलुरु इन पुरस्कारों का चयन पूरे भारत से प्राप्त नामांकनों के आधार पर एक प्रतिष्ठित जूरी ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री ब्रजेश पाठक जी ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है और वे कैसे धन कमा सकती हैं। उनका कहना था कि यदि वित्तीय संपत्ति हमारे घरों में महिलाओं के पास रहे, तो कोई वित्तीय असुविधा नहीं हो सकती। भारत के लोगों में वित्तीय प्रबंधन की क्षमता है, और अपनी बौद्धिक क्षमता के कारण ही भारत का झंडा ऊँचा है। उन्होंने यह भी कहा कि नौजवानों को पढ़ाई के साथ–साथ काम भी करते रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश अपनी नीतियों में परिवर्तन करने के लिए तैयार है और माननीय प्रधानमंत्री के शविकसित भारतश अभियान को पूरा करेगा। एस एस मुंद्रा, पूर्व डिप्टी गवर्नर, आरबीआई जी ने अपने उद्बोधन में माननीय प्रधानमत्री जी की योजनाओं के माध्यम से जनमानस को जागरूक करने की जरूरत पर जोर दिया तथा एवोक इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता और समावेशन के क्षेत्र में किये जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। वित्तीय विशेषज्ञों और वक्ताओं में से एक, कमला कांतराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा की एवोक इंडिया द्वारा किये जा रहे वित्तीय क्षेत्र में प्रयासों को बढ़ावा देने किए लिए ठैम् (ठवउइंल ैजवबा म्•बींदहम) अपना सहयोग देने के लिए तैयार है। स्वामी मैथिलीशरण जी महाराज ने एक विशेष संबोधन में सभी को समृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया और रामचरितमानस से उद्धरण देते हुए यह कहा कि यह समृद्धि शांति और खुशी का आधार है। एवोक इंडिया के संस्थापक और अध्यक्ष श्री प्रविण कुमार द्विवेदी ने 2047 तक 4 ट्रिलियन से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और +2500 से +18000 प्रति व्यक्ति आय (8 गुना) के लक्ष्य के लिए समाज के सभी वर्गों में वित्तीय समझ बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी और गलत वित्तीय निर्णय से संपत्ति तेजी से खत्म हो सकती है।

# लखनऊ में स्थितिष राम कुटीरष कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ ,अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश पूर्वी के ष्कैम्प कार्यालयष्का उद्घाटन पुराने आर टी ओ,लाटूश रोड,लखनऊ में स्थितिष राम कुटीरष कैम्प कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी श्री शेखर कुमार जी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर माल्यार्पण,स्तुति,आरती व उपस्थिति सभी परिवार के सदस्यों को शेखर जी ने पटका पहनाकर स्वागत किया।इस शुभ अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेन्द्र श्रीवास्तव,वरिष्ठ महामंत्री आलोक भटनागर, प्रशासनिक सचिव राकेश रंजन निगम,संगठन मंत्री अभिषेक सिन्हा,प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव,प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव,नरेश प्रधान,संध्या, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,आलोक, अमिताभ श्रीवास्तव,अतुल श्रीवास्तव,अनूप श्रीवास्तव, एडवोकेट संजय श्रीवास्तव, शशांक अस्थाना,अंशु श्रीवास्तव,राजेश,इत्यादि सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।इस उद्घाटन के अवसर पर शेखर कुमार जी ने कहा कि लखनऊ में सदस्यता अभियान ३१ मार्च २०२५ तक चलाया जाएगा और लक्ष्य ५१०० सदस्यों तक रहेगा,जो कि उसके बाद भी निरन्तर जारी रहेगा और कायस्थ समाज में राजनीतिक चेतना के साथ साथ व्यवसाय,नौकरी,शिक्षा व चिकित्सा सम्बन्धित समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण का प्रयास अनवरत जारी रहेगा,शेखर कुमार जी ने आने वाले १६ जनवरी दिन रविवार २०२५ को लखनऊ में ही एक भव्य प्रांतीयष्संवादष्समारोह होने की घोषणा की।वरिष्ठ महामंत्री आलोक भटनागर जी ने कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं का निस्तारण कार्यालय में आई पत्रावली पर किया जाएगा,और प्रत्येक माह की दूसरे रविवार को बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी।वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेन्द्र श्रीवास्तव जी ने लखनऊ के निकटवर्ती गांवों में भी कायस्थों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा,महिला प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष श्रीमती निधि श्रीवास्तव,श्री मति मिथलेश श्रीवास्तव जी ने महिलाओं की समस्यायों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करने भरोसा दिलाया और महिलाओं में समाज के प्रति जागरूकता पैदा करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्याध्भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया,राकेश रंजन व अभिषेक सिन्हा ने युवाओं की जबर्दस्त भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया, संजय श्रीवास्तव,अमिताभ श्रीवास्तव,अंशु श्रीवास्तव जी ने अपनी अपनी बात गम्भीरता से रखी,और अन्त में राकेश रंजन जी ने आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

# लखनऊ में स्थितिष राम कुटीरष कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ ,अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश पूर्वी के ष्कैम्प कार्यालयष्का उद्घाटन पुराने आर टी ओ,लाटूश रोड,लखनऊ में स्थितिष राम कुटीरष कैम्प कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी श्री शेखर कुमार जी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर माल्यार्पण,स्तुति,आरती व उपस्थिति सभी परिवार के सदस्यों को शेखर जी ने पटका पहनाकर स्वागत किया।इस शुभ अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेन्द्र श्रीवास्तव,वरिष्ठ महामंत्री आलोक भटनागर, प्रशासनिक सचिव राकेश रंजन निगम,संगठन मंत्री अभिषेक सिन्हा,प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव,प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव,नरेश प्रधान,संध्या, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,आलोक, अमिताभ श्रीवास्तव,अतुल श्रीवास्तव,अनूप श्रीवास्तव, एडवोकेट संजय श्रीवास्तव, शशांक अस्थाना,अंशु श्रीवास्तव,राजेश,इत्यादि सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।इस उद्घाटन के अवसर पर शेखर कुमार जी ने कहा कि लखनऊ में सदस्यता अभियान ३१ मार्च २०२५ तक चलाया जाएगा और लक्ष्य ५१०० सदस्यों तक रहेगा,जो कि उसके बाद भी निरन्तर जारी रहेगा और कायस्थ समाज में राजनीतिक चेतना के साथ साथ व्यवसाय,नौकरी,शिक्षा व चिकित्सा सम्बन्धित समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण का प्रयास अनवरत जारी रहेगा,शेखर कुमार जी ने आने वाले १६ जनवरी दिन रविवार २०२५ को लखनऊ में ही एक भव्य प्रांतीयष्संवादष्समारोह होने की घोषणा की।वरिष्ठ महामंत्री आलोक भटनागर जी ने कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं का निस्तारण कार्यालय में आई पत्रावली पर किया जाएगा,और प्रत्येक माह की दूसरे रविवार को बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी।वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेन्द्र श्रीवास्तव जी ने लखनऊ के निकटवर्ती गांवों में भी कायस्थों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा,महिला प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष श्रीमती निधि श्रीवास्तव,श्री मति मिथलेश श्रीवास्तव जी ने महिलाओं की समस्यायों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करने भरोसा दिलाया और महिलाओं में समाज के प्रति जागरूकता पैदा करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्याध्भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया,राकेश रंजन व अभिषेक सिन्हा ने युवाओं की जबर्दस्त भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया, संजय श्रीवास्तव,अमिताभ श्रीवास्तव,अंशु श्रीवास्तव जी ने अपनी अपनी बात गम्भीरता से रखी,और अन्त में राकेश रंजन जी ने आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

# 50 दिन से लंबित फाइल 15 मिनट में हुयी निस्तारित, 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' पर 106 प्रकरणों का समाधान

– लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर पारिजात सभागार में किया गया 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' का आयोजन– एक ही पटल पर समस्त अनुभागों के अधिकारियों की उपस्थिति से 106 फाइलों का मौके पर हुआ निस्तारण

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को प्राधिकरण में 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों के साथ मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित कुल 106 फाइलों का निस्तारण किया गया।एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देशानुसार प्राधकरण में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंता गण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ सुबह 10:30 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्वयं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी तथा फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी गयी। इसमें प्रकाश वीर द्वारा निशातगंज स्थित पेपरमिल कालोनी के भवन संख्या–एच–2﴿6 की रजिस्ट्री के सम्बंध में 30 सितम्बर, 2024 को आवेदन किया गया था। जिसकी फाइल सम्पत्ति की गणना न होने के चलते 50 दिन से अधिक समय से लंबित थी। उपाध्यक्ष के निर्देश पर 15 मिनट में सम्पत्ति की गणना की कार्यवाही सम्पादित कराकर निबंधन के लिए फाइल तैयार करवायी गयी। इसी तरह गोमती नगर योजना के व्योम खण्ड के आवंटी मेजर बी0एस0 श्रीवास्तव द्वारा भूखण्ड समायोजन के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जोकि लगभग दो महीने से लंबित था। उपाध्यक्ष ने प्रकरण में 'पहले आओ पहले पाओ' योजना के अंतर्गत फ्लैट समायोजित कराने का निर्णय लेते हुए आवंटी को सूचना प्रेषित करवायी।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ ने 32वें फाउंडर्स डे का आयोजन किया!

लखनऊ, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ में 32वें फाउंडर्स डे का आयोजन स्कूल के समृद्ध इतिहास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 21 नवंबर से 23 नवंबर 2024 तक आयोजित था जिसमें अनेक शिक्षाप्रद और रोचक गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम शामिल थे। इन आयोजनों ने स्कूल की उपलब्धियों और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति समर्पण को उजागर किया।

प्रदर्शनी और रचनात्मकता का संगमरूकार्यक्रम की शुरुआत प्रदर्शनी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैथ्स क्लब ने जटिल गणितीय पहेलियों का आयोजन किया, जबकि टाई एंड डाई और बाटिक क्लब ने रंग–बिरंगे वस्त्रों का प्रदर्शन किया। साथ ही आगंतुकों को अपने स्वयं के टाई–डाई रुमाल रंगने का अवसर दिया। नुक्कड़ नाटक, गीत–संगीत, कवि सम्मेलन और चर्चाओं ने दिन को और भी जीवंत और आनंदमय बना दिया। नियर फाउंडर्स डे 2024जूनियर स्कूल के फाउंडर्स डे का शुभारंभ ऑर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और जोश का प्रदर्शन किया।23 नवंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सी.एम. नौटियाल (उत्तर प्रदेश विज्ञान अकादमी के सचिव और बी.एस.आई.पी. की रेडियोकार्बन डेटिंग प्रयोगशाला के पूर्व प्रमुख) ने शिरकत की। ष्जयपुरिया स्कूल की प्रदर्शनी में आना एक अद्भुत अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने बहुत रुचि के साथ अपने मॉडल तैयार किए थे। अनेक विद्यार्थियों ने चार से पाँच मॉडल तक बनाए। यह समर्पण दुर्लभ है और बहुत बड़ी सफलष्जन्म से लेकर लगभग 7 से 9 वर्ष की आयु तक बच्चे उत्साह, मासूमियत और निस्वार्थ प्रेम से भरे होते हैं। उनकी सकारात्मक उपस्थिति इतनी प्रभावशाली होती है कि हम अपनी समस्याओं और चिंताओं को भूल जाते हैं। यह उनके आंतरिक अस्तित्व से आता है।

# हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव रू पांचवी सांस्कृतिक संध्या में कवियों का रहा बोलबाला

लखनऊ। स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या पर कवियों का रहा बोलबाला।पांचवीं सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवम गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विनय तिवारी, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर सुंदरम साहित्यसंस्थान के तत्वावधान में कवि सम्मेलन वरिष्ठ साहित्यकार श्री नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कवि–सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य ओम नीरव तथा विशिष्ट अतिथि श्री उमेश चन्द्र दूबे एवं श्री कृपा शंकर श्रीवास्तव शविश्वास लखनवी थे।सुश्री मंजू सक्सेना की वाणी वन्दना से आरंभ इस समारोह में डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी शपथिकश, श्री रविन्द्र नाथ तिवारी, श्री कुमार तरल,श्री त्रिवेणी प्रसाद दूबे शमनीषश, श्री कन्हैया लाल,श्री रामप्रकाश शुक्ल,डॉ. अवधी हरि,श्री गोपाल ठहाकाश सुश्री रश्मि श्रीवास्तव,श्री के. पी. त्रिपाठी शपुंजश,श्री महेश प्रकाश अष्ठाना, डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी,डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव,सुश्री प्रतिभा श्रीवास्तव,श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,सुश्री शालिनी राय निगम,श्री पंकज श्रीवास्तव,सुश्री ममता पंकजश,श्री महेश चन्द्र गुप्ता शमहेशश,श्री राममूर्ति सिंह शअधीरश, सुश्री रेनू द्विवेदी ने समसामयिक विषयों पर काव्यपाठ किया। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन डॉ. योगेश ने किया।बदनाम सिर्फ नाम है शविश्वासश मौत का, तक्लीफ जिन्दगी भर देती है जिन्दगी ––शविश्वासश लखनवी

शुभम,सौरभ ,शशांक और राहुल द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी से दशकों ने खूब मौज मस्ती की और ठहाके लगाएं। इसी क्रम में कोई लड़की है जब वह हंसती है .....गीत सुना कर हरि शुक्ला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान महोत्सव समिति के रणवीर सिंह ,विनय दुबे, हेमू चौरसिया, सत्य शरण सिंह ,मनोज सिंह चौहान,विवेक सिंह एवम दिव्यांश गोयल उपस्थित रहे। महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया।महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बने झूले और राजस्थानी प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी – स्मृति उपवन में चल रहे महोत्सव में फन जोन और फूड जोन अपनी पूरी रौनक में आ गए है। डब्बू की राजस्थानी फूड स्टाल पर आलू प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी के स्वाद का लुत्फ लोग ले रहे है।

# ` मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेंपी की जीत पर खुशी जाहिर की

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह की उपस्थिति में प्रदेश के उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय के अवसर पर विजयोत्सव मनाया गया। सभी ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। ढोल– नगाडोंॆ की थाप के बीच विजय के जयघोष से गुंजायमान प्रदेश मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आतिशबाजी चलाकर विजयोत्सव मनाया और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का ऐतिहासिक विजय पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, दारा सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संतोष सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, श्री शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह मुख्यालय प्रभारी श्री अतुल अवस्थी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गीता शाक्य, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री रामचन्द्र कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव और महाराष्ट्र में मिली प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन को दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह जीत "एक रहेंगे, सेफ रहेंगे" पर जनता जनार्दन की मुहर है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी जी को राम और राष्ट्र का आराधक बताते हुए, उत्तर प्रदेश की तरफ से भाजपा के "विजयोत्सव" में सात कमल रूपी पुष्प अर्पित करने की बात कही।

पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत को "विजयोत्सव" बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव के परिणाम आए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, जिनमें बीजेपी गठबंधन ने 7 सीटें जीती हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इस ऐतिहासिक विजय का श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़कर लोककल्याण के कार्यों को जमीनी धरातल पर उतारने का मार्गदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी उपचुनाव में भाजपा ने 52 फीसदी से अधिक वोट प्राप्त किया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में भाजपा 131 सीटों पर लीड कर रही है। शिवसेना शिंदे गुट 55 सीट, एनसीपी अजीत पवार गुट 40 सीट यानी अकेले एनडीए ने 226 सीटों पर जीत हासिल की है। देश की जनता नकारात्मक और बांटने वाली राजनीति को खारिज कर रही है। इसीलिए हम कह रहे हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। जनता ने राष्ट्रीय अखंडता को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना जनादेश दिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है। जनता को अटूट विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में उनकी नीतियां, उनके निर्णय देश और समाज के अनुकूल हैं। इस अनुकूलता पर जनता ने मुहर लगाई है। इस सम्पूर्ण विजय के लिए भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को, जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ डबल इंजन की सरकार की उपब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया, उन सभी को हृदय से बधाई।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि देश में विरासत और विकास का बेहतर समन्वय प्रारंभ हुआ है। सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि का विशेष समन्वय हम देख पा रहे हैं। जो कभी सपना हुआ करता था आज हकीकत बन गया है। 7 सीटों पर जो जीत हमें मिली है ये प्रदेश की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को सात कमल के रूप में समर्पित हैं। मीरापुर, कटेहरी, गाजियाबाद, कुंदरकी, खैर, मझवां और फूलपुर की जनता जनार्दन ने यह जनादेश भाजपा के पक्ष में दिया है। खासकर कुंदरकी की जीत राष्ट्रवाद की जीत है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि ये चुनाव सपा और इंडी गठबंधन के लूट और झूठ की पॉलिटिक्स के अंत की उद्घोषणा भी है।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि महाराष्ट्र में भी हमें प्रचंड, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। यह राम और राष्ट्र के अराधक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर नये महाराष्ट्र के विश्वास की मुहर है। यह छत्रपति शिवाजी के आदर्शों की विजय है। बाबा साहेब का अपमान करने वालों की पराजय है। भाजपा महायुति गठबंधन की सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट को जितनी सीटें मिली हैं, इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर भी उतनी सीटें नहीं मिली।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर खड़ा है। यह गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, वृद्ध, शोषित व वंचित की आशा–आकांक्षा पर जनता जनार्दन की विजय का प्रतीक है। यह तुष्टिकरण और साम्प्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देखने वालों की पराजय है। आज भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं के संकल्प की सिद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि यूपी के चुनाव के बारे में मतदान के दिन से ही सपा जैसे अनर्गल प्रलाप कर रही थी, जनता ने उसका करारा जवाब दिया है। कुंदरकी में भाजपा सवा लाख वोटों से जीत रही है, सपा की जमानत जब्त हो रही है, यह राष्ट्रवाद की जीत है। गाजियाबाद में 70 हजार वोटों से जीत हुई है। फूलपुर में बीजेपी 11 हजार वोटों से विजयी हुई है। खैर में 38 हजार से अधिक वोटों से विजय प्राप्त की है, कटेहरी में 35 हजार से अधिक वोटों से वहीं मीरापुर में हमारी सहयोगी रालोद की प्रत्याशी ने 30 हजार से अधिक वोटों से विजयी हुईं हैं। वहीं मझवां में बीजेपी प्रत्याशी 4 हजार से अधिक वोटों से विजयी घोषित हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप सपा के प्रदर्शन का आंकलन कर सकते हैं। सीसामऊ में सपा मात्र 8 हजार वोट से जीती है। 2022 में इस सीट पर हार का अंतर 12 हजार का था। करहल में सपा 2022 में 67 हजार वोटों से जीत हासिल की थी इस बार मात्र 14 हजार का अंतर रह गया है। अगली बार वहां कमल खिलेगा, ये अब बिल्कुल स्पष्ट लग रहा है। सीसामऊ और करहल में यद्यपि हमारी जीत नहीं हुई है, लेकिन बड़ी संख्या में जनता ने राष्ट्रवाद पर भरोसा जताया है

# जूना अखाड़ा ने मेला क्षेत्र में किया धर्म ध्वजा स्थापित

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में शनिवार को सबसे बड़े अखाड़े जूना अखाड़ा की तरफ से मेला क्षेत्र में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस दौरान जूना अखाड़ा के संतों के साथ ही अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी व अन्य संत मौजूद रहे।मेला क्षेत्र में जूना अखाड़ा की तरफ से धर्म ध्जा की स्थापना के पूर्व विधि विधान के साथ पूजन किया गया। संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धर्म ध्वजा पर तिलक और फूल, अच्छत करके उसका पूजन किया। उसके बाद धर्म ध्वजा को मेला क्षेत्र में स्थापित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि धर्म ध्वजा सनातन का प्रतीक है। इसी कारण इसकी स्थापना पूरे विधि विधान के साथ होती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए वह मेला प्रशासन से बात करेंगे। अखाड़ों की तरफ से महाकुंभ की तैयारियां जारी है। जिससे उसको भव्य और दिव्य बनाया जा सके।

# महाकुम्भ में अखाड़ा परिषद कराएगा दलित समागम

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुम्भ 2025 में संगम की रेती से हिन्दू एकता का संदेश दिया जाएगा। हिन्दुओं के हर वर्ग को एक मंच पर लाकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद पूरे विश्व को सनातन का संदेश देगा। इसके लिए जनवरी में धर्म संसद का आयोजन होगा। जिसमें दलित समागम भी होगा। जिससे आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया जाएगा।

अखाड़ा परिषद की अगली बैठक में इसकी तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। हिन्दुओं के अलग–अलग धड़ों में बंटे होने के कारण आज तमाम समस्याएं आ रही हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद इस अलगाव को खत्म करने के लिए पहली बार काम करेगा।

# फूलपुर उपचुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी जीत

## दीपक पटेल ने सपा को हराकर मारी बाजी

प्रयागराज (आरएनएस)। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्घ्मीदवार दीपक पटेल ने बाजी मार ली है। उन्घ्होंने सपा उम्घ्मीदवार मुज्तबा सिद्दीकी को 11305 वोटों से हराया है। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्घ्मीदवार दीपक पटेल को 78289 मत, सपा प्रत्घ्याशी मुज्तबा सिद्दीकी को 66984 मत और बसपा प्रत्घ्याशी जितेंद्र सिंह को 20342 मत मिले हैं।

बता दें कि पहले राउंड में बढ़त बनाने के बाद सपा दूसरे राउंड में पिछड़ गई। उसके बाद से उनकी वापसी नहीं हो सकी। हालांकि वह भाजपा उम्घ्मीदवार के करीब–करीब रही लेकिन आगे नहीं जा सकी। थोड़े–थोड़े अंतर से सपा लगातार पिछड़ती चली गई।

यहां मैदान में उतरे भाजपा से दीपक पटेल, सपा से मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी और बसपा से जितेंद्र कुमार सिंह सहित 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने बुधवार को ईवीएम में बंद कर दिया था। यहां कुल लगभग 43.43 प्रतिशत मतदान हुआ था।

फूलपुर उपचुनाव में मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल 435 बूथ बनाए गए थे। पूरे विधानसभा क्षेत्र को पांच जोन तथा 38 सेक्टरों में बांटा गया था, जहां जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। मतदान के लिए कुल 1740 मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल चार लाख सात हजार मतदाता हैं जिसमें दो लाख 23 हजार पुरुष और एक लाख 84 हजार महिला वोटर हैं।

प्रशासन और राजनीतिक दलों के तमाम प्रयास के बाद भी मतदान का प्रतिशत 50 के आंकड़े को भी नहीं छू सका। शाम पांच बजे तक के विवरण के अनुसार मात्र 43.44 प्रतिशत वोट पड़े। यह आंकड़ा प्रत्याशियों और उनके दलों को असमंजस में डालने वाला है। पलड़ा किस तरफ झुकेगा कहना कठिन है, हालांकि वे बूथवार पड़े वोटों की मीमांसा में जुटे हैं।

पिछले चुनाव नतीजों और उनके मतदान प्रतिशत पर नजर दौड़ाएं तो पता चलता है कि यहां अधिकांश बार 50 प्रतिशत से अधिक वोट पड़ते रहे हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में 50.89 प्रतिशत वोट पड़ा था और भाजपा उम्मीदवार को जीत मिली थी। लोकसभा चुनाव 2024 पर नजर दौड़ाएं तो इस विधानसभा में 56.35 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां भाजपा पिछड़ गई थी,

# नागरिकों के अधिकार व भलाई सभी देशों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए - श्री मनोज कुमार सिंह, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र.

लखनऊ, 23 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' के अन्तर्गत आज 'द ग्लोबल गवर्नेन्स वी नीड' थीम पर आधारित



प्लेनरी पैनल डिस्कशन में प्रतिभाग करते हुए मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन श्री मनोज कुमार सिंह, आई.ए.एस., ने कहा कि नागरिकों के अधिकार व भलाई सभी देशों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी राष्ट्र प्रमुखों का आह्वान किया कि विश्व मानवता की भलाई एवं वैश्विक मुद्दों के समाधान हेतु एक साझा मंच पर एकजुट हों। श्री सिंह ने विश्व पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अपने संविधान की भावनाओं के अनुरूप सभी सहयोगी देशों के साथ सदैव सकारात्मक भूमिका निभाई है तथापि वैश्विक मुद्दों पर अब हम बड़ी जिम्मेदारी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पैनल डिस्कशन में हंगरी की पूर्व राष्ट्रपति सुश्री कैटालिना नोवाक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया एवं हंगरी की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में दुनिया भर में लैंगिक असमानता को दूर करने जोरदार वकालत की। लेसोथो के पूर्व प्रधानमंत्री डा. पाकलिथा बी मोसिसिली ने कहा कि यह सम्मेलन इसके संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। अमेरिका से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्री एवं वर्ल्ड बैंक के पूर्व निदेशक डॉ. ऑगस्टो लोपेज – क्लारोस ने किया। सम्मेलन के अन्तर्गत आज न्यायविद्वों, कानूनविद्वों व अन्य प्रख्यात हस्तियों के बीच दिन भर चर्चा–परिचर्चा व विचार–विमर्श का दौर चला। विभिन्न देशों के न्यायविदों व कानूनविदों ने अलग–अलग पैरालल सेशन्स में समसामयिक वैश्विक विषयों पर जमकर चर्चा परिचर्चा की। इन पैरालल सेशन्स में 'ट्रान्सफार्मिंग ग्लोबल गवर्नेन्स', 'इण्टरनेशनल पीस एण्ड सिक्योरिटी', 'सस्टेनबल डेवलपमेन्ट एण्ड क्लाइमेट एक्शन', 'साइंस, टेक्नोलॉजी इनोवेशन एण्ड डिजिटल कोआपरेशन' एवं 'यूथ एण्ड फ्यूचर जनरेशन' थीम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों एवं उप–विषयों पर गहन विचार–विमर्श हुआ।इससे पहले, हैती के पूर्व प्रधानमंत्री श्री जीन–हेनरी सेन्ट ने अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के दूसरे दिन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सेन्ट ने कहा कि विश्व सरकार केवल एक अवधारणा नहीं, अपितु विश्व के सभी लोगों की भलाई हेतु सुनिश्चित विश्वास है। बेनिन सुप्रीम कोर्ट के प्रेसीडेन्ट न्यायमूर्ति विक्टर डास्सी एडोसौ ने अपने संबोधन में एकता, शांति और भाईचारे की भावना से भरपूर नई विश्व व्यवस्था बनाने में सीएमएस संस्थापक स्वर्गीय डॉ. जगदीश गांधी के प्रयासों की सराहना की।

# ''हमारा शौचालय हमारा सम्मान'' की थीम पर चलेगा स्वच्छता जगरूकता कार्यक्रम- डीपीआरओ किरन चौधरी

मथुरा विश्व शौचालय दिवस के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहा है शौचालय निर्माण का कार्यक्रम ग्राम पंचायतों में गठित स्वच्छता समितियों को सक्रिय कर गांव में ''हमारा शौचालय हमारा सम्मान'' अभियान चलाया जा रहा है।जिसके द्वारा ग्रामीण समुदाय को शौचालय के नियमित प्रयोग एवं साफ–सफाई के प्रति जागरूक कर स्वच्छता के महत्व को बताने का कार्य किया जायेगा। जिसके तहत गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी करायी जायेंगी। जनपद की कुल 495 ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ओ0डी0एफ0 की स्थिरता बनाये रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही उन सभी पात्र लाभार्थियों को शौचालय बनाने हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि देने के लिये आवेदन प्राप्त करते हुए स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा। जिसके लिये ग्राम स्तर पर कैम्प लगाया जायेगा। ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित व्यक्तिगत शौचालय के अन्तर्गत ''सबसे अच्छा व्यक्तिगत शौचालय'' के थीम पर चुनाव करते हुए लाभार्थी को सम्मानित भी किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खण्ड स्तर पर ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों में ''सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय'' का आयोजन किया जायेगा तथा प्रतियोगिता उपरान्त विजेता ग्राम पंचायत व ब्लॉक को विकास खण्ड एवं जनपद स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन किया जायेगा तथा पेयजलधशिक्षाध महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ विभागध्ग्राम विकास विभाग को साथ प्रभावी कन्वर्जेन्स सुनिश्चित किया जायेगा। आंगनबाडी केन्द्रों, स्कूली, पी0एच0सी0 एवं सी0एच0सी0 इत्यादि संस्थाओं में शौचालय की उपलब्ध सुनिश्चित किये जाने के साथ–साथ सामुदायिक शौचालय हेतु पानी की उपलब्धता की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जायेगी।

वाटर टैस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। जिससे असुरक्षित पेयजल से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों को चिन्हित कर उन्हे क्रियाशील बनाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसके लिये कैम्प लगाकर उनका विभिन्न सरकारी योजनाओं अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने की व्यवस्था की जायेगी। ग्राम पंचायतोंधविकास खण्ड में तैनात कर्मियों को ओ0डी0एफ0 की निरन्तरता बनाये रखने में आवश्यक सहयोग हेतु उन कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा।



# गीतानंद महाराज की 20वीं पुण्यतिथि आज गोविंदाचार्य भाग लेंगे

वृंदावन, मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के थिंकटैंक एवं महामंत्री संगठन रहे केएन गोविंदाचार्य ब्रह्मलीन गीतानंद जी महाराज को पुष्पांजलि देने के लिये वृंदावन आयेंगे। राष्ट्रसंत



गीतानन्द जी महाराज की 20वीं पुण्यतिथि वृंदावन के गांधी मार्ग पर स्थित गीता आश्रम में 24 नवंबर को भव्यता के साथ मनाई जायेगी। मुमुक्षु मंडल व गीता आश्रम वृन्दावन के प्रमुख महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अवशेषानन्द महाराज ने बताया कि इस भव्य आयोजन में अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा आदि देशों में रहने वाले महाराजश्री के शिष्य–अनुयायी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।इस अवसर पर हजारों साधुओं को तथा जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र–कंबल आदि दिये जायेंगे। 24 की सुबह 10 बजे से 11.30 तक श्रद्धांजलि सभा होगी। उसके बाद 11.30 बजे से भंडारा शुरू हो जायेगा। डॉ. स्वामी अवशेषानंद ने बताया कि ब्रह्मलीन संत गीतानन्द महाराज ने अपने जीवन के आखिरी समय जनहितकारी कार्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग की मदद करने का प्रयास किया था। उत्तर भारत के वे ऐसे महान संत थे जो घट– घट में भगवान के दर्शन करते थे तथा जिनका कार्य क्षेत्र उनके द्वारा देश के विभिन्न भागों में स्थापित किए गए आश्रमों के साथ आश्रम के बाहर भी था। उनकी आराधना का मूल मंत्र था ष्प्रभु तुम हरौ जनन की पीरश्श।वे ऐसे महान बिरले संत थे जिन्हें गीता न केवल कंठस्थ थी बल्कि गीता को उन्होंने अपने जीवन में उतारा भी था। गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है इसलिए उन्होंने गोशालाओं, पढ़ने के लिए संस्कृत पाठशाला, चिकित्सा के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन, संतों के लिए अन्न क्षेत्र, वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना, हरिजन बच्चों के लिए हरिजन छात्रावास स्थापित किए। प्राकृतिक आपदा में पुनर्वास एवं राहत कार्य भी इस महान संत के त्यागमय जीवन की कहानी के पन्ने बोलते हैं। वृन्दावन की पावन धरती पर चौतन्य महाप्रभु, बल्लभाचार्य, रूप गोस्वामी, जीव गोस्वामी, गोपाल भट्ट, जैसे संतों ने यदि धर्म की ध्वजा फहराई और श्यामा श्याम की लीलाओं के गूढ़ रहस्य को समाज के कोने तक पहुंचाया तो बीसवीं शती में देवरहा बाबा, श्रीपाद बाबा, आनन्दमयी मां, स्वामी अखण्डानन्द, स्वामी वामदेव, नीम करौली बाबा, जैसे संतों ने सनातन धर्म पर आए संकट से समाज को निकालकर एक दिशा दी। स्वामी गीतानन्द महाराज ने इससे अलग हटकर गीता के रहस्य को मानव जीवन में उतारने के मूलमंत्र को इस प्रकार प्रस्तुत किया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मुंह से सहज ही निकल पड़ा था कि यदि अन्य संत इसी भावना को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें तो भारत अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर सकता है। कारगिल युद्ध के बाद प्रधानमंत्री रक्षा कोष में जमा करने के लिए जब महान संत ने 11 लाख रुपये की थैली तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सौंपी तो वाजपेयी अभिभूत होकर उक्त प्रतिक्रिया व्यक्त कर गए। परन्तु अहंकार से सर्वथा परे संतजी ने यह कहकर वाजपेयी को और आश्चर्यचकित कर दिया था कि इसमें उनका कुछ भी योगदान नहीं है। उन्होंने तो वही काम किया है जो एक पोस्टमैन करता है। यह धनराशि उनके शिष्यों की है जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री रक्षा कोष को दिया है। उनका सिद्धान्त था कि दान इस प्रकार दिया जाना चाहिए कि दाहिने हाथ से दिये गए दान का पता बाए हाथ को भी न चल सके। स्वामी गीतानन्द महाराज दीपक की तरह थे जिन्होंने न केवल शिष्यों को बल्कि सम्पूर्ण मानवता को अंधकार से निकालकरसमाजसेवा का ऐसा सन्मार्ग दिखाया जो वास्तविक मोक्ष का साधन है। उनका कहना था कि भगवत गीता मानव जीवन के जीने का विज्ञान है। गीता के रहस्य एवं चमत्कार को मानव अपने जीवन में उतारकर ही उसकी महत्ता और उपयोगिता का अनुभव कर सकता है। गीता मानव को जन्म से लेकर मृत्यु तक हर परिस्थिति से मुकाबला करने और उसमें दी गई अच्छाइयों को उतारने की शिक्षा देती है। स्वामी गीतानन्द महाराज ने गीता पर प्रवचनों के माध्यम से समाज को बताया कि मनुष्य अपने कार्य एवं साधना से मानव की सेवा किस प्रकार कर सकता है। महाराजश्री के पास जो भी आया उसके मन को ऐसी शांति मिली कि उसके लिए वृन्दावन का अनूपयति गीता आश्रम ही तीर्थ बन गया।

# दुस्साहिक घटना- बेची गई जमीन के पैसों को हड़पने के लिए युवक की गोली मारकर हत्या

(मथुरा )(ए.के.शर्मा)तीन दिन




पूर्व बेची गई जमीन के पैसे को हड़पने को लेकर बीतीरात थाना हाईवे क्षेत्र के नगला माना में युवक की घर से बाहर बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात की जानकारी लगते ही हाइवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। हाइवे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार थाना हाईवे क्षेत्र के अन्तर्गत नगला माना में रहने वाले उमेश (30) पुत्र केशव की रात्रि साढ़े दस और ग्यारह के बीच बाइकों पर सवार होकर आए चार लोगों ने घर से बाहर बुलाकर गोली मार दी। जिससे उमेश खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज से आसपास के लोग और परिजनों में कोहराम मच गया।बताया गया कि मृतक घर के बाहर ही चाय–पान मसाला गुटखे की दुकान करता था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पोस्टमार्टम गृह पर मृतक के ताऊ के लड़के महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन पहले उमेश ने दो लाख 80 हजार रुपये में अपने हिस्से की जमीन बेची थी। जिसे लेकर दूसरे भाइयों में गुस्सा था। और उनका कहना था कि यह भूमि चार लाख रुपये में बिकती जिसे उमेश ने सस्ते में बेच दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उस्फार के रहने वाले मोमीन, दिगंबर व एक अन्य के साथ मृतक की उठा–बैठक थी। इसी ने इन लोगों द्वारा हत्या की गई है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। पूरे घटना क्रम के खुलासे के लिए पुलिस दबिशें दे रही है।

# स्काउट एंड गाइड रैली 2024 के 3 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

२१वीं जनपदीय स्काउट एंड गाइड रैली 2024 के 3 दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। अंतिम दिवस के मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मान रूपेश वर्मा लेखाधिकारी (माध्यमिकध्बेसिक) रहे। साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश छापड़िया, प्रबंधक श्री अनिल कुमार मदेशिया, कोषाध्यक्ष महोदय, इंडिया मार्ट के संरक्षक महोदय, समाजसेवी सुरेश साह जी, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, जनपद बहराइच के स्काउट सचिव श्रीआर. पी. सिंह, स्काउट कमिश्नर श्री मनोज पांडे जी, गाइड कमिश्नर श्रीमती मधु चौधरी जी, कोषाध्यक्ष श्री मुक्तेश्वर पोद्दार जी, जिला आयुक्त प्रशिक्षण श्री अरविंद वर्मा जी, श्रीकल्लन इदरीस जी, कायमा इस्लाम जी आदि लोग शामिल रहे। इन तीन दिनों में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स और गाइड्स ने अपना प्रदर्शन किया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्काउट के रूप में सर्वोदय इन्टर कॉलेज मिहींपुरवा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन गाइड में चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज रिसिया रहा।



# वाराणसी में SHO को पब्लिक ने पीटा

वाराणसी संवाददाता। वाराणसी के बड़ागांव थानाक्षेत्र के हरहुआ तिराहे पर शनिवार सुबह आठ बजे एक कार और ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद जुटी भीड़ ने सादे ड्रेस में कार चला रहे थानाध्यक्ष राजातालाब को मारपीट कर घायल कर दिया।

मारपीट की जानकारी मिलने के बाद एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव और बड़ागांव सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। उसके बाद स्थिति को नियंत्रण करते हुए घायल ऑटो चालक को उपचार हेतु दीनदयाल मंडलीय चिकित्सालय में भेजा गया।

थानाध्यक्ष राजातालाब अजीत कुमार वर्मा सादे ड्रेस में अपने परिवार के साथ कार चलाकर बाबतपुर से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। वे हरहुआ तिराहे पर पहुंचे थे। उसी समय बड़ागांव थानाक्षेत्र के भटौली गांव निवासी देवी शंकर राय (55) तिराहे पर ऑटो लेकर अचानक बाबतपुर की तरफ मुड़ने लगा।

इसी दौरान कार से ऑटो में पीछे से टक्कर लग गई और ऑटो चालक घायल हो गया। कार चला रहे थानाध्यक्ष अपनी गाड़ी किनारे खड़ी कर ऑटो चालक को उपचार के लिए भेजने के लिए उतरे तो वहां एकत्रित भीड़ ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया।

जानकारी मिलने के बाद बड़ागांव थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। भीड़ से घिरे थानाध्यक्ष को बाहर निकालने के बाद घायल ऑटो चालक को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ ले गई। हरहुआ पीएचसी पर प्राथमिक उपचार करने के बाद ऑटो चालक को पंडित दीनदयाल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। घायल ऑटो चालक की हालत चिंता जनक बताई जा रही है। इस मामले में घायल ऑटो चालक के परिजनों द्वारा कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया। वहीं, थानाध्यक्ष ने भी अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारने–पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया।

# समाधान दिवस में थाने आए युवक ने खाया जहर

शाहजहांपुर संवाददाता। शाहजहांपुर के भावलखेड़ा में समाधान दिवस में बहन की शिकायत पर पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए भाई ने घबराकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने






पर आनन–फानन पुलिस ने युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। मोहल्ला बाबूजई निवासी रामभजन राठौर (35 वर्ष) का पत्नी ज्योति राठौर से विवाद चल रहा है। ज्योति अपनी ननद सुनीता राठौर निवासी मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा के घर आकर रहने लगी। सुनीता ने अपने भाई के खिलाफ पांच नवंबर को एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा। आरोप लगाया कि उसका भाई रामभजन उसको फोन पर धमकाता है और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है। मामले की जांच थाना रामचंद्र मिशन के दरोगा राजेश कुमार को सौंपी गई। शनिवार को समाधान दिवस में पुलिस ने रामभजन, उसकी बहन सुनीता और पत्नी ज्योति को पूछताछ के लिए थाने बुलवाया। थाने में एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ बैठकर सुनवाई कर रहे थे। एसआई राजेश कुमार और कांस्टेबल रामभजन से पूछताछ कर रहे थे। तभी वह पेशाब जाने की बात कहकर शौचालय चला गया। लौटकर आने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी। पुलिस के पूछने पर रामभजन ने बताया कि उसने जहर खा लिया है। यह सुनकर पुलिसकर्मियों के हाथ–पैर फूल गए। रामभजन को तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। यहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि रामभजन के विरुद्ध उसकी बहन ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का प्रार्थना पत्र दिया था। इसकी जांच के लिए उसको थाने बुलाया गया था। इसी बीच उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। राजकीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

# डूडा ने तैयार की अपात्र आवेदकों की सूची

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण अजीत कुमार ने अवगत कराया है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जो लाभार्थी अपात्र, माइग्रेट, पक्का मकान, आवास निर्माण के इच्छुक नहीं हैं, ऐसे सभी लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में चस्पा की गई है। इन सभी लाभार्थियों को अपात्र करते हुए संशोधित डीपीआर तैयार की जाएगी, जिससे स्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सके। इन लाभार्थियों की सूची इस आशय से निकाय कार्यालय में चस्पा की जा रही है कि इनमें से कोई पात्र, इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे एवं अपनी आपत्ति निकाय अथवा डूडा कार्यालय में सात कार्य दिवस दिवस में दर्ज करवा सकते हैं। 30 नवंबर के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कोसला साहित्य उत्सव मे श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ ने दिया व्याख्यान

लखनऊ । श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ द्वारा संगीत नाटक अकादमी प्रेक्षागृह में आयोजित कोसला साहित्य उत्सव मे आज दिनांक 23–11–24 को अपनी पुस्तक ष्भक्ति सनातन का आधारष जो भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद जी एवं परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज जी की शिक्षाओं पर आधारित है, पर व्याख्यान दिया सश्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने ष्भक्ति सनातन का आधारष पुस्तक में आध्यात्मिक शिक्षा को बहुत ही सरलतम विधि से समझाया है सष्भक्ति सनातन का आधारष पुस्तक मे यह बताया गया है कि भक्ति गुरू के निर्देशन में ही सहजता से की जा सकती है, विशेष रूप से आज के भटके हुए युवा इस पुस्तक को पढ़कर बहुत ही सरलता से आध्यात्मिक सिद्धांतों को समझकर गुरू के निर्देशन मे भक्ति मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को सफल बना सकते हैं सआप सभी मीडिया के बन्धुओं के माध्यम से आम जन–मानस से अनुरोध है कि श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी द्वारा लिखित पुस्तक ष्भक्ति सनातन का आधारष पढ़कर अपने जीवन का कल्याण करें ।



# संपादकीय

## कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया। समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं।

जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है।

शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है।विभिन्न धर्मावलंबियों की परंपराएं व रीतियां भिन्न हैं। विपक्षी दल बार–बार यही आरोप लगाते हैं कि सरकार की मंशा उन पर रोक लगाने की है। हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों में महिलाओं को पहले ही तमाम अधिकार प्राप्त हैं। इसीलिए भाजपा को अपना कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा।

रही बात प्रलोभन देने की तो यह भारतीय राजनीति का प्रमुख अस्त्र है। सरकारें पहले अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कोताही करती हैं पर ऐन चुनाव के दौरान उन्हें जनता को होने वाली दिक्कतों का अहसास होता है। सुधारवादी कदम उठाते हुए सरकार को जनता की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए।

## किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी

हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रु पये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रु पये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई।

रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रु पये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद–बिक्री का सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार–चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है।

एमएसपी की शुरु आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग–आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ–साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धान–गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल–गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक–आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है।

उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन–दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग क्यों अलापा जा रहा है?



वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही खारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफन करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। जब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, जब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है। देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान कानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती ह

ै तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।

# दलों की नाराजगी और नेताओं के विरोध से 'इंडिया गठबंधन' संकट में

राज्य में आईएनडीआईए (इंडिया) और एनडीए गठबंधनों के बीच सीधी टक्कर होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन धरातल पर इस बार भी पूर्व की तरह मुख्य चुनावी लड़ाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी में ही दिखाई पड़ रही है। बागियों की भूमिकाओं, दल–बदलुओं की चालबाजियों तथा विभिन्न दलों के भीतर मची कलह–कुचाल के कारण झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की चर्चा काफी गर्म है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 को समाप्त होगा, लेकिन यहां की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वैसे तो, राज्य में आईएनडीआईए (इंडिया) और एनडीए गठबंधनों के बीच सीधी टक्कर होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन धरातल पर इस बार भी पूर्व की तरह मुख्य चुनावी लड़ाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में ही दिखाई पड़ रही है। हालांकि गौरतलब है कि दलों के बीच गठबंधन वाली एकता जैसी एनडीए खेमे में दिखाई पड़ रही है, वैसी एकता आएनडीआइए गठबंधन के खेमे में नहीं है। इसके कारण आएनडीआइए खेमे में मायूसी और चिंता का माहौल बना हुआ है, जबकि दूसरी ओर एनडीए खेमे में निश्चित तौर पर उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद दोनों गठबंधनों की ओर से अपनी–अपनी जीत के दावे बेहद जोर–शोर से किए जा रहे हैं। बहरहाल, इस बात का पता तो आगामी 23 नवंबर को ही पता चल पाएगा कि चुनाव में किसकी गाड़ी मंजिल तक पहुंचती है और किसकी गाड़ी बीच मझधार में ही फंसी रह जाती है। वैसे खुश होने की एक वजह तो है कि लंबे समय तक नक्सल–प्रभावित रहे झारखंड राज्य में पिछले कुछ वर्षों के दौरान नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है।राज्य के विश्रामपुर विधानसभा सीट की बात करें तो पिछले दिनों यहां पर इंडिया गठबंधन के भीतर खुल कर विरोधी गतिविधियां देखी गईं। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे के बाद विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कोटे में गई थी, जबकि आरजेडी ने विश्रामपुर विधानसभा से जैसे ही अपने उम्मीद्वार रामनरेश सिंह को खड़ा किया, लगे हाथ कांग्रेस ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। कांग्रेस पार्टी यहीं नहीं रूकी, बल्कि उसने विश्रामपुर विधानसभा पर अपना दावा ठोंकते हुए अपने नेता सुधीर कुमार चंद्रवंशी को टिकट थमा दिया। स्थिति यहां तक तक पहुंच गई कि सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने क्षेत्र से नामांकन करके अपने ही अलायंस के पार्टनर प्रत्याशी राजद के रामनरेश सिंह की मुश्किलें बढ़ा दीं। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस ने आरजेडी प्रत्याशी के विश्रामपुर सीट से चुनाव हारने की आशंका के कारण उसने इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारा है, क्योंकि यदि राजद प्रत्याशी बीजेपी के प्रत्याशी से चुनाव हार गए तो आईएनडीआईए गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। बता दें कि एक जमाने में विश्रामपुर विधानसभा सीट कांग्रेस का मजबूत किला माना जाता था। हालांकि, पिछले दो चुनावों में उसके प्रत्याशियों को लगातार हार का सामना भी करना पड़ा है, जिससे कांग्रेस का किला पूरी तरह दरकता हुआ दिखाई देने लगा था।

# बस अच्छी फिल्में तो बनाई जाएं थिएटर तक आने तैयार हैं

पंकज दुबे

तुम्बाड देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज का भी एक अर्थ है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिजाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फिल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड्य अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

हिंदी फिल्म उद्योग में 2024 में एक नई शुरुआत यह हुई है कि बहुत–सी अच्छी, सार्थक और लोकप्रिय फिल्मों को सिनेमाघरों में एक बार फिर से रिलीज किया जा रहा है। इस शृंखला में अब तक तेजाब (1988), मैंने प्यार किया (1989), ताल (1999), रहना है तेरे दिल में (2001), वीर जारा (2004), रॉकस्टार (2011), गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012) के साथ–साथ 2018 की एक दिलचस्प फिल्म तुम्बाड्य को भी फिर से रिलीज किया गया है। इस ट्रेंड ने सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने वाले दर्शकों में एक नया उत्साह भरा है।

तुम्बाड्य एक पीरियड हॉरर फिल्म है, जो राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित है। फिल्म के लेखक हैं मितेश शाह, आदेश प्रसाद और आनंद गांधी। इस फिल्म में आनंद गांधी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है।

तुम्बाड्य की दोबारा रिलीज इसके दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में एक बार फिर से एक अनोखा अनुभव लेकर आई है। इसने उन दर्शकों का भी ध्यान अपनी तरफ खींचा है, जिन्होंने पहले यह फिल्म मिस कर दी थी। तुम्बाड आज भी उतनी ही प्रभावशाली और जादुई लगती है, जितनी पहले थी।

तुम्बाड की कहानी महाराष्ट्र की एक प्राचीन लोककथा पर आधारित है। यह कहानी लालच, रहस्य और भय का ऐसा मेल है कि दर्शकों के मन में कई सवाल उठाती है और बुनियादी ह्यूमन इंस्टिंक्ट्स के इर्द–गिर्द सोचने पर मजबूर करती है। यह फिल्मकार का कौशल ही है कि वह दर्शकों को बखूबी हस्तरत्र्य के किरदारों का जीवंत साक्षी बना देता है। साथ ही वह तुम्बाड की रहस्यमयी दुनिया में डर के साथ–साथ कहानी की गहराई को भी बढ़ाता है।

तुम्बाड्य की कहानी धरती माता के पुत्र हस्तर देवता पर आधारित है। वास्तविक जीवन में भगवान हस्तर के बारे में कोई भी ग्रंथ या लोककथा ढूंढ पाना मुश्किल है। फिल्म में हस्तर के बारे में बताया गया है कि वह उस देवी का सबसे प्रिय पुत्र है, जिसने सभी देवी देवताओं को जन्म दिया। फिल्म में हस्तर को एक पौराणिक देवता के रूप में दिखाया गया है, जो धन और अनाज का देवता है। फिल्म की कहानी के अनुसार, हस्तर एक लालची और स्वार्थी देवता था, जिसने अपने हिस्से से हमेशा ज्यादा की चाह रखी। उसने देवी के खजधने से सारा सोना ले लिया और फिर सारा अनाज भी लेना चाहा लेकिन, दूसरे देवताओं ने उसे अनाज नहीं लेने दिया। उस पर हमला कर दिया। बाद में उसे अनाज से वंचित कर दिया गया। इसके अलावा उसे धार्मिक ग्रंथों से गायब कर दिया गया और पूरी दुनिया उसके बारे में भूल गई। फिल्म के अनुसार, हस्तर अभी भी अपनी मां की कोख में कैद है।

हस्तर के बारे में कहा गया कि उसका नाम नहीं लेना चाहिए, उसका नाम लेने से विनाश हो सकता है। वहीं, हस्तरत्र्य का सिर किसी ऑक्टोपस जैसा था, पंख किसी चमगादड़ जैसे थे और आंखें सुनहरी थीं। हस्तरत्र्य हमेशा एक पीले रंग के कपड़े से ढका रहता था।

तुम्बाड्य देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज का भी एक अर्थ है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिजाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंधा में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फिल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड्य अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

फिल्म की कहानी एक क्लासिकल तरीके से आगे बढ़ती है, जिसमें सार्वभौमिकता का अहसास है। राही अनिल बर्वे का निर्देशन अद्भुत है। इस तरह की जटिल कहानी को सरलता से और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर लाना आसान काम नहीं है। सीन–दर–सीन वे दर्शकों को कहानी के साथ बांधे रखते हैं, और हर दृश्य में डर और रोमांच का एहसास कराते हैं।

अगर हम इस फिल्म में कलाकारों की परफॉरमेंस की बात करें तो इसमें सभी किरदार है यादगार हैं। सोहम शाह ने विनायक का किरदार बड़ी गहराई से निभाया है। विनायक का लालच और उसकी आंखों में दिखने वाला जुनून दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। इसके अलावा बाकी कलाकारों ने भी अपने–अपने किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। हर किरदार का अभिनय इतना प्रभावशाली है कि वो कहानी में जीवंत लगते हैं।

तुम्बाड्य का म्यूजिक और साउंड डिजाइन फिल्म का धड़कता हुआ दिल है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर और साउंड डिजाइन इतना प्रभावशाली है कि इस स्पेस में बनने वाली कई फिल्मों के लिए बखूबी रिफरेन्स के काम आ सकती है। फिल्म में अजय–अतुल का शानदार म्यूजिक कहानी को और मजबूत बनाता है और हर सीन को बेहद इंटेंस और डरावना बनाता है। एक–एक साउंड इफेक्ट में इतनी बारीकी है कि यह दर्शकों को कहानी के भीतर खींच लेता है।

फिल्म में गाना बेशक एक ही है लेकिन वो कहानी को और गहराई देता है। इस इकलौते गीत के बेहद सार्थक गीतकार हैं राज शेखर। तुम्बाड्य में म्यूजिक का उद्देश्य मनोरंजन से अधिक कहानी के मूड को बढ़ाना है।

अच्छी फिल्मों को फिर से थिएटर में रिलीज करने के ट्रेंड को दर्शक खुले दिल से अपना रहे हैं। तुम्बाड्य जैसी मास्टरपीस को बड़े पर्दे पर देखने का अनुभव घर में देखने से एकदम अलग है।

ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखकर लगता है कि अच्छी फिल्मों की कद्र अभी भी बाकी है, और तुम्बाड्य जैसी फिल्मों का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। साथ ही दर्शकों का रिस्पांस उस विवाद को भी विराम देता है कि कोविड के फलस्वरूप जो लॉकडाउन हुआ था उसने दर्शकों की कॉन्टेंट कंजम्पशन के पैटर्न को बदल कर रख दिया है और अब वो सिनेमा हॉल तक नहीं जाना चाहते हैं। लेकिन अच्छी पुरानी फिल्मों को देखने जाने वालों की भीड़ ने स्पष्ट इशारा कर दिया है कि वो थिएटर तक आने के लिए तैयार हैं, बस अच्छी फिल्में तो बनाई जाएं।

तुम्बाड्य अमेजन प्राइम पर है, देख लीजिएगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

वृष राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की राय लेनी चाहिए। कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है।

मिथुन राशि–

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं।

सिंह राशि

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपका दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस–पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको आज अपना काम पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है, लेकिन काम पूरा होने से आपको खुशी होगी।

कन्या राशि–

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा।

तुला राशि– आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबारी संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है।

वृश्चिक राशि–

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

धनु राशि–

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। अपने माता–पिता की सेहत को लेकर आप सचेत रहें। आप अपने जीवन में प्रेम को बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करते रहे,

मकर राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप ऑफिस के उलझनों को ऑफिस में ही छोड़ कर आए,

कुंभ राशि आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आज कार्यों में जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

मीन राशि–

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहे। आपकी पदोन्नति हो सकती है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक–ठाक रहेगा।

# रूस ने किसी भी फोन काल की बात से किया इनकार, ट्रंप-पुतिन की बातचीत का सच क्या है ?



क्रेमलिन ने उन खबरों का खंडन किया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और कहा कि पुतिन के पास ट्रंप से बात करने की अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि यह कॉल हुई थी और कहा गया था कि ट्रंप ने पुतिन से कहा था कि उन्हें यूक्रेन युद्ध को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। बाद में समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए कॉल पर रिपोर्ट दी। रूस ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते अपनी चुनावी जीत के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में एक दैनिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कोई बातचीत नहीं हुई। यह पूरी तरह से झूठ है, यह पूरी तरह से काल्पनिक है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि हाल में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने 70 से ज्यादा विश्व नेताओं से बात की है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शामिल हैं। क्रेमलिन ने उन खबरों का खंडन किया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और कहा कि पुतिन के पास ट्रंप से बात करने की अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि यह कॉल हुई थी और कहा गया था कि ट्रंप ने पुतिन से कहा था कि उन्हें यूक्रेन युद्ध को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। बाद में समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए कॉल पर रिपोर्ट दी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि ये पूरी तरह से झूठ है। यह पूरी तरह से काल्पनिक है, यह सिर्फ गलत जानकारी है। दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। यह पूछे जाने पर कि क्या पुतिन की ट्रंप के साथ संपर्क की कोई योजना है, पेस्कोव ने कहा कि अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। इससे पहले, मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने पुतिन को यूक्रेन में युद्ध न बढ़ाने की सलाह दी और उन्हें यूरोप में वाशिंगटन की बड़ी सैन्य उपस्थिति की याद दिलाई।

# प्रधानमंत्री नेतन्याह ने हिज्बुल्ला पर पेजर, वाकी-टाकी हमलों में इजराइल की भूमिका स्वीकार की

यरुशलम । प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा, ''रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र



में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया।'' हिब्रू मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार की साप्ताहिक मंत्रिमंडल बैठक के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इजराइल ने अभी तक सार्वजनिक रूप से इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली थी लेकिन व्यापक अनुमान था कि सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए इन जटिल हमलों के पीछे उसका हाथ है। इन हमलों ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया था। लेबनान तथा सीरिया के कुछ हिस्सों में 16 सितंबर को विस्फोटक वाले हजारों पेजर फट गए थे जो हिज्बुल्ला के समर्थकों के पास थे। दुनियाभर के लोग पेजर विस्फोट की खबरों से उबर भी नहीं पाए थे कि एक दिन बाद 17 सितंबर को वॉकी-टॉकी में भी विस्फोट हुए, जिसने लेबनानी शिया मिलिशिया के खिलाफ युद्ध में इजराइल की खुफिया तैयारी के स्तर को लेकर दुनिया को चौंका दिया। नेतन्याहू के बयान को रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को हटाने तथा युद्ध की सफलता का श्रेय लेकर व्यक्तिगत लोकप्रियता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के प्रयासों के संदर्भ में समझा जा रहा है। गैलेंट को पांच नवंबर को रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया गया था।

# ट्रंम्प के जीतते ही शेख हसीना का बड़ा दांव, सड़कों पर उतरी आर्मी



शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग अंतरिम सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। देखा जाए तो बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही हलचल मची हुई है। ढाका में तो आवामी लीग के कार्यकर्ताओं व समर्थकों पर पुलिस ने सख्ती भी बरती है। बांग्लादेश की सेना ने उनके प्रदर्शन से पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया है। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को गिरे हुए लगभग तीन महीने हो चुके हैं। लेकिन आज भी वहां के हालात कमोबेश वैसे ही हैं। पहले कट्टरपंथियों ने देशभर में बवाल किया। उसके बाद बीएमपी के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश की राजधानी में रैली निकाली और नए सिरे से चुनाव कराने व त्वरित सुधारों की मांग की। शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग अंतरिम सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। देखा जाए तो बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही हलचल मची हुई है। ढाका में तो आवामी लीग के कार्यकर्ताओं व समर्थकों पर पुलिस ने सख्ती भी बरती है। बांग्लादेश की सेना ने उनके प्रदर्शन से पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया है।आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बांग्लादेश की सेना-पुलिस स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों ने कई इलाकों में बड़ा जमावड़ा किया हुआ है। बीएनपी और जमात ने घोषणा की है कि वो आवामी लीग को प्रदर्शन की अनुमति नहीं देंगे। ढाका पुलिस ने उन्हें विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं दी है। देशभर में सेना की 191 टुकड़ियां तैनात की गई है। वहीं इस बीच सरकार के विभिन्न हलकों ने चेतावनी भी दी है कि आवामी लीग को विरोध मार्च आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अवामी लीग को फासीवादी करार देते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी को नियोजित रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि अंतरिम सरकार देश में किसी भी हिंसा या कानून व्यवस्था को तोड़ने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अवामी लीग अपने मौजूदा स्वरूप में एक फासीवादी पार्टी है। ऐसा कोई रास्ता नहीं है कि इस फासीवादी पार्टी को बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रैली का आयोजन किया और वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर त्वरित सुधार लाने और अगला राष्ट्रीय चुनाव कराने के लिए दबाव बना रही है।

# रामास्वामी बयान पर भारत से लेकर यूएस तक छिड़ी बहस, हर बार हिंदू ही टारगेट पर क्यों ?

हिंदू धर्म के अनुयायियों को लेकर विदेशों में एक अलग प्रकार की बहस छिड़ गई है। इस सबके बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हालिया बातचीत को लेकर चर्चा हो रही है। जिसमें रामास्वामी ने हिंदू धर्म को लेकर विरोधी टिप्पणियों पर सवाल खड़े किए।हिंदू धर्म के अनुयायियों को लेकर विदेशों में एक अलग बहस छिड़ गई है। इस सबके बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हालिया बातचीत को लेकर चर्चा हो रही है। जिसमें रामास्वामी ने हिंदू धर्म को लेकर विरोधी टिप्पणियों पर सवाल खड़े किए। अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट में सीनेट का चुनाव लड़ रहे रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी की काफी चर्चा में है। हाल ही में रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हुई बहस में षहिंदू धर्म को दुष्ट और मूर्तिपूजक धर्मष करार दिए जाने पर विवेक रामास्वामी ने जोरदार प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए कहा कि हर बार हिंदुत्व ही निशाने पर क्यों?दरअसल ऐसी घटना अमेरिका में धार्मिक असहिष्णुता के प्रति विभिन्न संस्कृतियों को उजागर करती है, खासकर जब इसकी तुलना भारत से की जाती है। विरोधी पक्ष से हिंदु धर्म के खिलाफ लगातार आक्रामक टिप्पणी के बावजूद रामास्वामी ने बातचीत को उग्र बनाने या कानूनी कार्रवाई की मांग करने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से अपने धर्म का बचाव किया और इस अवसर को विश्व के लिए एक संदेश देने के रूप में इस्तेमाल किया जो हिंदू दर्शन में निहित गहन सहिष्णुता को रेखांकित करती है पूरे अमेरिका में लंबे समय से कुछ कट्टरपंथी समूह गैर-अब्राहमी धर्मों, विशेष रूप से हिंदू धर्म, को निशाना बनाते रहे हैं, उन्हें ष्मूर्तिपूजकष या अमेरिकी मूल्यों के खिलाफ करार देते रहे हैं। फिर भी, हिंदू धर्म, चाहे भारत में हो या विदेश में, कभी भी वैसा आक्रोश नहीं दिखाता जैसा कि इस्लाम या ईसाई धर्म पर किए गए हमलों पर देखा जाता है। इस बीच अमेरिका में रामास्वामी के एक बयान के बाद हिंदुओं को टारगेट




करने के मुद्दे पर बहस तेज हो गई है। हालांकि अमेरिका की एक प्रतिष्ठित न्यूज वेबसाइट द न्यूयॉर्क टाइम्स पर हाल ही में रामास्वामी को लेकर रिचर्ड फॉसेट की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जिसमें रामास्वामी को लेकर बड़ा दावा किया गया। आखिर हर बार टारगेट पर हिंदू ही क्यों?न्यू हैम्पशायर में एक मतदाता ने रामास्वामी के धर्म के बारे में पूछा, जिसके जवाब में अमेरिका में धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व के बारे में पूछा गया। ये सवाल पिछले हफ्ते शनिवार को नेवादा में डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनावी अभियान के दौरान रामास्वामी से पूछे गए। इस दौरान उन्होंने यीशु मसीह के बारे में राय पूछे जाने पर कहा कि हिंदू धर्म में, यीशु ईश्वर के एक पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सभी को साथ लेकर चलने की बात करता है, लेकिन फिर भी दुनिया के कई देशों में लागातार हिंदुओं को टारगेट किया जाता रहा। दरअसल, लेबर डे वीकेंड पर न्यू हैम्पशायर में एक मतदाता ने रामास्वामी के धर्म के बारे में पूछा, जिसके जवाब में अमेरिका में धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व के बारे में पूछा गया- ष्मैं हिंदू हूं और मुझे इस पर गर्व है। मैं बिना किसी माफी के इसके लिए खड़ा हूं। मुझे लगता है कि मैं धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक के रूप में और भी ज्यादा आगे बढ़ पाउंगा। विवेक रामास्वामी का नाम यूएस में उस वक्त चर्चा में आया जब जॉर्जिया में 2020 के चुनाव नतीजों में उन्हें अवैध रूप से हस्तक्षेप का आरोपी माना गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन रामास्वामी उस समय लॉ स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। वे अपने गृहनगर जॉन्स क्रीक के स्टेट सीनेटर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पिछले साल आरोपित 18 लोगों में शामिल थे। इस घटना के बाद उन्होंने खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया। चुनावी अभियान के लिए जुटा चुके हैं 280 हजार डॉलर रिपब्लिकन कैंडिडेट रामास्वामी ने चुनाव लड़ने के लिए साइबरसिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (बै।) में अपनी नौकरी छोड़ दी। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा धन जुटाया और चुनावी अभियान के लिए 280 हजार डॉलर से अधिक एकत्र किए हैं। विवेक रामास्वामी के पास स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बी.एस. और जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर से जे.डी. की डिग्री है।

# अवैध शरणार्थियों को भेजेंगे उनके देश, ट्रंप की सामूहिक पुनर्वास योजना को रामास्वामी ने दिया समर्थन

उद्यमी से राजनेता बने रामास्वामी ने कहा कि क्या हमारे पास एक टूटी हुई कानूनी आव्रजन प्रणाली है? हाँ, हम करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पहला कदम कानून के शासन को बहाल करना होगा, इसे बहुत व्यावहारिक तरीके से करना होगा।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सहयोगी विवेक रामास्वामी ने अवैध अप्रवासियों के सामूहिक निर्वासन योजना के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करते समय कानून तोड़ा है, उन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें जाने की




जरूरत है। उद्यमी से राजनेता बने रामास्वामी ने कहा कि क्या हमारे पास एक टूटी हुई कानूनी आव्रजन प्रणाली है? हाँ, हम करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पहला कदम कानून के शासन को बहाल करना होगा, इसे बहुत व्यावहारिक तरीके से करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जो लोग आये हैं, उन्होंने देश में जड़ें नहीं जमायी हैं। जिन लोगों ने अपराध किया है उन्हें इस देश से बाहर होना चाहिए।श यानी लाखों की संख्या में. वह अकेला सबसे बड़ा सामूहिक निर्वासन होगा। इसे सभी अवैध लोगों के लिए सरकारी सहायता समाप्त करने के साथ जोड़ दें। आप आत्म-निर्वासन देखते हैं। राष्ट्रपति चुनावों में कमला हैरिस की हार के कुछ दिनों बाद एक भारतीय अमेरिकी सांसद ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी को केवल लोगों की आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना ने सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमें नए कारखानों के निर्माण करने, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने में मदद करने, बच्चों की देखभाल तथा उनके मुद्दों से निपटने और इस बात पर जोर देने के लिए एक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिससे हमारी पार्टी की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। खन्ना ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त रूप से आकर्षक आर्थिक दृष्टिकोण नहीं था। डेमोक्रेटिक पार्टी का एक सरल लक्ष्य ये होना चाहिए कि अनेक अमेरिकियों की आर्थिक कठिनाइयों और संघर्षों का समाधान हो सके।

# कनाडा हिंदू मंदिर पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

हम आपको बता दें कि हाल ही में विदेश मंत्रालय ने अर्श डल्ला का नाम उन खालिस्तानी आतंकवादियों में शामिल किया था जिनके प्रत्यर्पण के लिए कनाडा से अनुरोध किया गया है। हैल्टन पुलिस ने कहा कि वह मिल्टन में ''गोलीबारी की घटना'' की सक्रियता से जांच कर रही है।

कनाडा में दो बड़ी गिरफ्तारियों की खबर है। एक गिरफ्तारी खालिस्तानी आतंकी की हुई है और दूसरी गिरफ्तारी हिंदू मंदिर पर हुए हमला मामले में की गयी है। मीडिया खबरों के मुताबिक भारत द्वारा आतंकवादी घोषित खालिस्तानी चरमपंथी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को गोलीबारी की एक घटना के संबंध में कनाडा के ओंटारियो प्रांत में संभवतरू गिरफ्तार कर लिया गया है। हम आपको बता दें कि गोलीबारी की यह घटना 28 अक्टूबर को मिल्टन में हुई थी। हैल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा (एचआरपीएस) ने एक बयान में 29 अक्टूबर को कहा था कि उसने एक जांच के बाद, दो लोगों को गोलीबारी के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों लोग एक अस्पताल गए थे और उनमें से एक गोली से जख्मी था, जिसे बाद में छुट्टी दे दी गई। एचआरपीएस ने उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया और कहा कि दोनों आरोपियों को ''जमानत संबंधी सुनवाई तक हिरासत में रखा गया है।'' सूत्रों ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक के बारे में माना जा रहा है कि वह अर्श डल्ला है। डल्ला प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़ा हुआ है और पिछले साल जून में मारे गए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की ओर से आतंकी मॉड्यूल चलाता था। हाल में विदेश मंत्रालय ने अर्श डल्ला का नाम उन खालिस्तानी आतंकवादियों में शामिल किया था जिनके प्रत्यर्पण के लिए कनाडा से अनुरोध किया गया है। हैल्टन पुलिस ने कहा कि वह मिल्टन में ''गोलीबारी की घटना'' की सक्रियता से जांच कर रही है। बयान में कहा गया, ''28 अक्टूबर 2024 की सुबह गुएल्फ पुलिस ने एचआरपीएस से संपर्क किया, जब दो व्यक्ति वहां एक अस्पताल में आए थे। उनमें से एक का इलाज किया गया और अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दूसरे व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई थी।'' हैल्टन पुलिस ने एक बयान में कहा, ''एचआरपीएस मेजर क्राइम ब्यूरो अब जांच कर रहा है और दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हैल्टन हिल्स के 25 वर्षीय व्यक्ति और सरे बीसी के 28 वर्षीय व्यक्ति, दोनों पर जानबूझकर आग्नेयास्त्र चलाने का आरोप है।'' इससे पहले, रविवार को पंजाब पुलिस ने बताया कि मोहाली के खरड़ से डल्ला गिरोह के दो सदस्यों को एक सिख कार्यकर्ता की हत्या में कथित रूप से संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है।

# पुतिन ने ट्रंप को दे दिया खास आफर, जेलेंस्की समेत पूरे यूरोप में टेंशन

दोनों नेताओं ने यूरोपीय महाद्वीप की शांति के लक्ष्य पर चर्चा की। ट्रंप ने यूक्रेन के युद्ध के जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए आगे भी बातचीत जारी रखने में रुचि व्यक्त की। दरअसल, अपने राष्ट्रपति अभियान में ट्रंप ने कहा था कि वो यूक्रेन में युद्ध को 24 घंटे में समाप्त कर देंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में विवरण नहीं दिया कि वो ऐसा कैसे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ट्रंप ने निजी तौर पर संकेत दिया है कि वो एक ऐसे सौदे का समर्थन करेंगे जिसमें रूस कुछ कब्जा किए गए क्षेत्र को अपने पास रखेगा। ट्रंप ने पुतिन से बातचीत के दौरान संक्षेप में जमीन का मुद्दा भी उठाया। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को लेकर बड़ी खबर सामने आई। वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से जानकारी देते हुए बताया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के दो दिन बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर रूस और यूक्रेन के बीच जंग को लेकर बातचीत की है। इस दौरान ट्रंप ने पुतिन से यूक्रेन के साथ जंग को न बढ़ाने की सलाह दी। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के अधिकारियों को भी ट्रंप और पुतिन के बीच की जानकारी के बारे में बताया गया। हालांकि उन्होंने इस बातचीत पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। ट्रंप ने अपने फ्लोरिडा के रिसार्ट से ही कॉल की थी। ट्रंप ने इसके साथ ही यूरोप में अमेरिकी की बड़ी सैन्य उपस्थिति की भी याद दिलाई। विशेष रूप से पुतिन ने ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बढ़ाई दी और कहा कि वो उनसे बात करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने मेरिका रूस के संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने यूरोपीय महाद्वीप की शांति के लक्ष्य पर चर्चा की। ट्रंप ने यूक्रेन के युद्ध के जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए आगे भी बातचीत जारी रखने में रुचि व्यक्त की। दरअसल, अपने राष्ट्रपति



अभियान में ट्रंप ने कहा था कि वो यूक्रेन में युद्ध को 24 घंटे में समाप्त कर देंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में विवरण नहीं दिया कि वो ऐसा कैसे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ट्रंप ने निजी तौर पर संकेत दिया है कि वो एक ऐसे सौदे का समर्थन करेंगे जिसमें रूस करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, रविवार 24 नवंबर 2024

sheelshukla100@gmail.com

# विराट कोहली को करना होगा साथी खिलाड़ियों का इंतजार

भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि विराट कोहली इन दोनों बैच में नहीं होंगे क्योंकि वह टीम से पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। जी हां, कोहली को शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ देखा गया था। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि विराट कोहली इन दोनों बैच में नहीं होंगे क्योंकि वह टीम से पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। जी हां, कोहली को शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ देखा गया था। शायद उसी समय उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की उड़ाने भरी थी। विराट कोहली रविवार शाम ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए थे। टाइम्स ऑफ इंडिया को एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि, विराट कोहली दोनों बैचों से पहले ही रवाना हो गए हैं और पर्थ पहुंच चुके हैं। खिलाड़ियों का एक बैच पहले ही रवाना हो चुका है और दूसरा बैच आज रवाना होगा। 10 नवंबर को रवाना हुआ बैच आज दोपहर ऑस्ट्रेलिया पहुंच जाएगा। वहीं 11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाला भारतीय खिलाड़ियों का दूसरा बैच मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। मंगलवार को ही टीम इंडिया का पहला सेशन है। बता दें कि, सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।




# इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर के बेटे ने कराया सेक्स चेंज, आर्यन से बना अनाया, वीडियो हो रहा है वायरल

दरअसल, आर्यन ने अपने 10 महीने के हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन की जर्नी सोशल मीडिया पर शेयर की है। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें अब उसे डिलीट कर दिया है। इंस्टाग्राम रील में 23 वर्षीय आर्यन ने हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बाद की तस्वीरों के साथ भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली और अपने पिता के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं।टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और बैटिंग कोच संजय बांगर का बेटा आर्यन काफी सुर्खियों में है। दरअसल, आर्यन ने अपने 10 महीने के हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन की जर्नी सोशल मीडिया पर शेयर की है। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें अब उसे डिलीट कर दिया है। इंस्टाग्राम रील में 23 वर्षीय आर्यन ने हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बाद की तस्वीरों के साथ भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली और अपने पिता के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं। हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन के बाद आर्यन ने अपना नाम भी बदलकर अनाया रख लिया है। उनके इंस्टाग्राम पर अभी भी एक पोस्ट उनके ट्रांसफोरमेशन से जुड़ी है। बता दें कि, आर्यन उर्फ अनाया अपने पिता की तरह ही एक क्रिकेटर हैं। वह इंग्लैंड के मैनचेस्टर में रहते हैं और वही ही क्रिकेट खेलते हैं। हालांकि, अभी तक





उन्हें किसी बड़े मंच पर मौका नहीं मिला है। उनके इंस्टाग्राम पर शेयर एक वीडियो में देखने को मिल रहा है कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। हालांकि, ट्रांसफोरमेशन के बाद उनके क्रिकेट करियर पर पूर्व विराम लग गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में इसके बारे में लिखा है। शरीर में बदलाव और ट्रांस वुमेन के इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने को लेकर नियम कायदे न होना इसका कारण बताया है। आर्यन ने क्रिकेट को छोड़ने का अपना दर्द बयां किया। इस दौरान उन्होंने लिखा कि, छोटी उम्र से ही क्रिकेट हमेशा से मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। बड़े होते हुए, मैंने अपना पिता को देश का प्रतिनिधित्व करते और कोचिंग करते हुए देखा। मैंने उनके पदचिन्हों पर चलने का सपना देखना शुरू कर दिया। खेल के प्रति उनका जुनून, अनुशासन और समर्पण मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक था। क्रिकेट मेरा प्यार, मेरी महत्वाकांक्षा और मेरा भविष्य बन गया। मैंने अपना पूरा जीवन अपने कौशल को निखारने में बिताया है। उम्मीद थी कि एक दिन मुझे भी उनके जैसे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## हेड कोच गौतम गंभीर ने किया केएल राहुल का बचाव, कहा- कितने देशों के पास केएल जैसे खिलाड़ी...


वहीं इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। पर्थ में पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वह निजी कारणों के चलते पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने कहा कि अभी वह इसे लेकर कुछ भी साफ नहीं कह सकते। टेस्ट मैच के आसपास इसका पता चलेगा। 22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ईश्वरन का नाम लिया और कहा कि टेस्ट मैच के करीब इसका फैसला होगा। कभी ओपनर तो कभी मिडिल ऑर्डर तो कभी विकेटकीपर के तौर पर भारतीय टीम में खेलने बावजूद प्लेइंग 11 में जगह पक्की न कर पाने वाले राहुल का गंभीर ने बचाव किया। उन्होंने कहा कि कितने देशों के पास राहुल जैसे खिलाड़ी हैं, ये ये सब भूमिका निभा सकते हैं। गंभीर ने ओपनिंग




बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। फिलहाल, इस सीरीज के लिए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई है। वहीं इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। पर्थ में पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वह निजी कारणों के चलते पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने कहा कि अभी वह इसे लेकर कुछ भी साफ नहीं कह सकते। टेस्ट मैच के आसपास इसका पता चलेगा। वहीं रोहित की अनुपस्थिति में कप्तानी कौन करेगा ये सबसे बड़ा सवाल है। गंभीर ने इसका साफ–साफ जवाब दिया कि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद गौतम गंभीर से ओपनिंग को लेकर सवाल हुआ। उन्होंने केएल राहुल और अभिमन्यु को लेकर सवाल पर कहा कि, केएल राहुल भी मौजूद हैं। अभिमन्यु ईश्वरन भी मौजूद हैं। इसलिए अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आकर फैसला करेंगे। ऐसा नहीं कि कोई विकल्प नहीं है। टीम में काफी सारे विकल्प हैं। मध्यक्रम में जगह बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे केएल राहुल अब बैकअप ओपनर हो सकेत हैं। गंभीर ने कहा कि ये उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण है। उन्होंने यही इस व्यक्ति की खूबी है। वह वास्तव में टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी कर सकता है। वह नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकता है। और वह नंबर 6 पर भी बल्लेबाजी कर सकता है। इसलिए आपको इस तरह का काम करने के लिए काफी प्रतिभा की आवश्यतकता होती है।

# गोतम गंभीर ने रिकी पोंटिंग को दिया करारा जवाब, हेड कोच की प्रेस कान्फ्रेंस की बड़ी बातें

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी अपने घर में हाल ही में पाकिस्तान के हाथों 22 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे सीरीज में हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब दोनों टीमों की नजरें 22 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मैच में जीत हासिल करने पर होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज से पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 0–3 से हार झेलनी पड़ी थी। वहीं अब भारत की ऑस्ट्रेलिया के सामने अग्निपरीक्षा है। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, इस दौरान उन्होंने मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। इस खराब प्रदर्शन के बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी अपने घर में हाल ही में पाकिस्तान के हाथों 22 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे सीरीज में हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब दोनों टीमों की नजरें 22 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मैच में जीत हासिल करने पर होगी। वहीं इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोतम गंभीर रोहित शर्मा और विराट कोहली के समर्थन में उतरे हैं। जहां कहा जा रहा है कि, रोहित पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं, इसके पीछे उनका निजी कारण बताया जा रहा है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं सामने आई है। वहीं गंभीर ने भी रोहित की उपलब्धता पर कुछ कंफर्म नहीं किया है। रोहित की गैरमोजूदगी में बुमराह करेंगे कप्तानी लेकिन गंभीर ने ये जरूर कंफर्म किया है कि रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि, यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन दोनों में से




कोई ओपनिंग कर सकता है। राहुल काफी लंबे समय से नंबर 5 और 6 पर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल से ओपनिंग करवाने पर गंभीर ने कहा कि ये सारे फैसले मैच से पहले होंगे। गंभीर ने रिकी पोंटिंग को दिया जवाब साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली की खराब फॉर्म को लेकर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को गंभीर ने करारा जवाब दिया हैं। गंभीर ने पोंटिंग को जवाब देते हुए कहा कि आपका भारतीय क्रिकेट से क्या लेना–देना है। उन्हें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बारे में सोचना चाहिए। रोहित–विराट अविश्वसनीय रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में जो हुआ उसके बाद ड्रेसिंग रूम में बहुत भूख है। गंभीर ने नीतीश–हर्षित की तारीफ की साथ ही गंभीर ने नीतीश–हर्षित की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि, हर्षित रणजी ट्रॉफी में असम के खिलाफ शानदार खेला था। हमें लगा कि उनके पास पर्याप्त गेंदबाजी अनुभव है। हमने सबसे अच्छी टीम का चयन किया। अब आगे बढ़ना है और जरूरत होगी कि नीतीश रेड्डी हमारे लिए कुछ करें। हम सभी जानते हैं नीतीश रेड्डी कितने प्रभावशाली खिलाड़ी हैं।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट खेलेंगे या नहीं रोह्ति शर्मा, आया बड़ा अपडेट




5 मैचों के तहत बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचौं की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के तहत 5 मैचों के तहत बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित शर्मा जल्द ही पिता बनने वाले हैं। इस कारण वह पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, लेकिन पहले टेस्ट में खेलने के आसार कम हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया सीरीज के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा से उपलब्धता के बारे में पूछा गया। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये अभी निश्चित नहीं है, लेकिन देखता हूं आगे क्या होता है। हालांकि, इस वक्त तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि निजी कारणों के चलते वह पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे। फिलहाल, पिछले दिनों भारतीय टीम को अपने घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ कर इतिहास रच दिया। इस हार के बाद भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की राहें बेहद मुश्किल हो गई हैं आअब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में 4 टेस्ट जीतने होंगे।

# रोहित शर्मा को लेकर गौतम गंभीर ने किया बड़ा खुलासा, मीडिया को कह दी ये बात

विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने की चुनौती खड़ी हो गई है। भारतीय क्रिकेट टीम को चौंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 4–0 से जीतना होगा। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने में सफल होगी। भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में हार गई थी। तीन मैचों में हार के बाद भारतीय टीम के सामने विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने की चुनौती खड़ी हो गई है। भारतीय क्रिकेट टीम को चौंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 4–0 से जीतना होगा। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने में सफल होगी। वरना भारतीय टीम का टेस्ट चौंपियनशिप खेलने का सपना टूट जाएगा।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दौरे पर रवाना होने से पहले भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स की है। इसमें उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ियों को लेकर कई सवालों के जवाब दिए है। हाल ही में रोहित शर्मा को लेकर चर्चा है कि वो पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। रोहित के संबंध में उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है, मगर उम्मीद है कि वो खेलेंगे। सीरीज शुरू होने से पहले इसकी जानकारी आ जाएगी।भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की है कि अगर रोहित शर्मा 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे। मुंबई में रवाना होने से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में गंभीर ने कहा, ष्बुमराह उप कप्तान हैंय यदि रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो पर्थ में उन्हें टीम की कमान सौंपी जाएगी।ष भारतीय क्रिकेट टीम का एक बैच 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो चुका है और दूसरा बैच आज रवाना होगा। रोहित टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे, लेकिन कोच ने अभी तक सीरीज के पहले मैच में उनके भाग लेने की संभावना से इनकार नहीं किया है।गंभीर ने कहा, ष्रोहित के बारे में अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है, उम्मीद है कि वह खेलेंगे। हम आपको सीरीज से पहले बता देंगे।

# बदलते मौसम में अगर आपका भी गला बार–बार सूख रहा है, तो न करें नजरंदाज, हो सकती हैं ये बीमारियां

इस बदलते मौसम में गला सूखना, आपके शरीर में होने वाली एक सामान्य सी प्रक्रिया है. अक्सर लोगों को बदलते मौसम में इस तरह की समस्या हो सकती है. गर्मी और ठंड के मौसम के कारण इस समस्या का होना काफी आम होता है. लेकिन अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी–पीएंगे तो ये दिक्कते चली जाएंगी है. वहीं, आपको बार–बार गला सूखने की दिक्कत हो रही है? पानी–पीने के कुछ समय बाद फिर से आपका गला सूख जाता है? तो ऐसे लक्षणों को नजरंदाज न करें. ये कई गंभीर बीमारियों के संकेत भी हो सकते हैं.आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.



इम्यूनिटी कमजोर

इस बदलते मौसम में शरीर में पानी की कमी होने से इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है. खासतौर पर सर्दियों के मौसम में खराब इम्यूनिटी आपको जल्दी बीमार कर सकती है.

बुखार और खांसी

सर्दियों के मौसम में के साथ बुखार भी आम है. डिहाइड्रेशन शरीर का तापमान बढ़ाने में सहायक होता है. ये भी आपके शरीर में पानी कमी होने का कारण हो सकता है. इसके अलावा इस बदलते मौसम में शरीर में पानी कम होने से खांसी की समस्या बढ़ जाती है. इससे आपको ड्राई कफ हो सकता है.

बार–बार गला सूखना

बदलते मौसम में मतलब सर्दियों में लोग पानी कम मात्रा में पीते हैं, जिसके चलते उनका गला सूखने लगता है. गला सूखना से व्यक्ति के गले इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है.

होठों का फटना

सर्दियां आते ही होठों के फटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं, लेकिन इसको सर्दी का ही वजह समझना बिल्कुल ठीक नहीं है. शरीर में पानी की कमी भी होठों का फटना का संकेत होता है.

दांतों और मसूड़ों में दर्द

डिहाइड्रेशन की समस्या के कारण दांतों और मसूड़ों में कमजोरी भी महसूस होती है. अक्सर आपने देखा होगा कि कुछ लोगों को सर्दियों के मौसम आते ही दांतों व मसूड़ों में दर्द होने लगता है, यह समस्या भी शरीर में पानी की कमी का संकेत है.।

# चुकंदर जैसे गुलाबी होंठ चाहिए तो करें ये 4 काम, नहीं पड़ेगी बार–बार लिप ग्लास लगाने की जरूरत

चुकंदर जैसे गुलाबी होंठ पाना हर किसी लड़की की ख्वाहिश होती है. गुलाबी, मुलायम होंठ अक्सर सुंदरता और स्वास्थ्य की निशानी माने जाते हैं. हालांकि, खराब मौसम, डिहाइड्रेशन, जीवनशैली की खराब आदतें और केमिकल युक्त लिप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से होंठ काले हो जाते हैं. कुछ महिलाएं स्मोकिंग करती हैं, जिसके कारण भी होंठ काले हो सकते हैं. अब ऐसे में लिपस्टिक और बार–बार लिप ग्लॉस लगाने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं बचता है. ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी आसान से टिप्स जिनको फॉलो करके आप नैचुरली पिंक लिप्स पा सकते हैं.



क्यों काले पड़ जाते हैं होंठ?

जिन लोगों के होंठ पूरी तरह से डार्क हो चुकी हैं उन्हें गुलाबी करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कई महिलाएं ऐसी भी हैं जिसके होंठ बचपन में तो गुलाबी थे, लेकिन वक्त के साथ डिसकलर होने लगे, उनके लिप्स को दोबारा पिंक बनाया जा सकता है. आइए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर होंठ क्यों काले पड़ जाते हैं 1. किसी चोट के कारण खून का थक्का बनना 2. विटामिन की कमी 3. लो बल्ड शुगर लेवल 4. साइटोटोक्सिक दवाएं 5. एडिसंस डिजीज 6. प्रेग्नेंसी चुकंदर का रस होठों को गुलाबी बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर के छिलके उतार लें और इसका जूस निकाल लें. इसे अपनी उंगलियों की मदद से अपने होठों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. इसे बाद में धो लें. जल्दी रिजल्ट पाने के लिए आप इसे हफ्ते में दो बार दोहरा सकते हैं. चुकंदर में मौजूद नेचुरल बरगंडी रंग आपके होंठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है. ऐलोवेरा और शहद


होठों को गुलाबी करने के लिए अपने घर के गमले से ऐलोवेरा के पत्ते तोड़ें और इसमें से जेल निकाल लें, अब इसे एक कटोरी में शहद के साथ मिक्स करें और होठों पर लगाएं. अब इसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें और आखिर में साफ पानी से लिप्स को धो लें. इससे होंठ सॉफ्ट और पिंक हो जाते हैं. हाइड्रेटेड रहें

शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. इससे होंठों में रूखापन नहीं आएगा और ये फटेंगे नहीं. इसके अलावा लिप्स का डिसकलरेशन भी गायब हो जाएगा.लिप्स को एक्सफोलिएट

लिप्स को एक्सफोलिएट करने के लिए एक नैपकिन या टूथब्रश को गीला करें और ध ीरे से अपने होठों को हल्के हाथों से रगड़ें. ये डेड स्किन और होठों की सूखी बाहरी परत को हटाता है, साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार करता है. मुलायम गुलाबी होंठों के लिए हमेशा रात में नारियल का तेल लगाएं.

# एनबीके 109 के शीर्षक से उठा पर्दा, नंदामुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज का धमाकेदार टाइटल टीजर रिलीज

अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म एनबीके 109 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर आए दिन नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब आखिरकार निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म का टाइटल टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही वीडियो में अभिनेता की दमदार झलक भी देखने को मिली। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 के निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी।यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।टीजर में निर्देशक की खुद की आवाज भी शामिल है, जिसमें मुख्य खलनायकों को एक–एक करके पेश किया गया है। रवि किशन और बॉबी देओल स्टाइलिश अंदाज में दिखाई देते हैं, इसके बाद यह खुलासा होता है कि फिल्म की कहानी इन गुंडों के



बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें नियंत्रित करने वाले के बारे में है। इसके बाद बालकृष्ण घोड़े पर सवार होकर बहादुरी के साथ प्रवेश करते हैं और खुद को डाकू महाराज के रूप में पेश करते हैं। रवि किशन का भी खलनायक अवतार दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। हालांकि, टीजर से पहले निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बॉबी या रवि के लुक का खुलासा ही किया था। डाकू महाराज में जिन अन्य सितारों को कास्ट किया गया है, उनमें उर्वशी रौतेला, चांदनी चौधरी, प्रज्ञा जायसवाल और श्रद्धा श्रीनाथ शामिल हैं।

फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है, जबकि इसे बॉबी कोल्ली ने लिखा और निर्देशित किया है। डाकू महाराज 12 जनवरी 2025 को स्क्रीन पर आएगी।

# कुबेर की पहली झलक आई सामने, धनुष–नागार्जुन की जोड़ी ने मचाया धमाल

धनुष–नागार्जुन की मोस्ट अवेटेड कुबेर की पहली झलक फाइनली सामने आ गई है. इसमें रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ को भी देखा जा सकता है. कुबेर में धनुष, रश्मिका मंदाना, नागार्जुन अक्किनेनी और जिम सर्भ जैसे टैलेंटेड कलाकार हैं. फिल्म 31 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. उसके पहले मेकर्स फिल्म से अपडेट शेयर करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रख रहे हैं. अभी तक मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर ही रिलीज किए थे लेकिन अब उन्होंने 51 सेकंड का शानदार वीडियो शेयर करते हुए फिल्म से पहली झलक फैंस को दिखा दी है. दर्शक कुबेर की पहली झलक का लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे वहीं अब इसकी झलक सामने आ गई है. जिसमें धनुष और नागार्जुन कमाल के लग रहे हैं हालांकि उनके एक्सप्रेशन और लुक इंटेंस ही हैं लेकिन स्क्रीन पर उनकी प्रेजेंस जादू बिखेर रही है. इसी बीच रश्मिका मंदाना और पद्मावत में अपनी एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाले जिम सर्भ का लुक भी कमाल का लग रहा है.

धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है. शेखर कम्मुला निर्देशित यह फिल्म 31 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर रिलीज किया था. जिसमें धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं. दोनों अपोजिट कैरेक्टर में हैं लेकिन दोनों के चेहरे पर ही गंभीरता और निडरता देखी जा सकती है. वहीं



रश्मिका और जिम सर्भ का कैरेक्टर भी इंटेंस ही लग रहा है. फैंस को यह झलक काफी पसंद आई है और कमेंट सेक्शन में फैंस ने तारीफों की बाढ़ ला दी है. एक ने लिखा– किंग नागार्जुन, सुपरस्टार धनुष– ब्लाकबस्टर, एक ने लिखा– क्या वीडियो है मन खुश हो गया. एक यूजर ने कमेंट किया– आई लव अक्किनेनी एंड नागार्जुन. फिल्म 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी इसमें धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ ने अहम रोल प्ले किया है. इसमें दिलीप

ताहिल भी खास रोल में हैं. शेखर कम्मुला के साथ, फिल्म को एमिगोस क्रिएशन ने प्रोड्यूस किया है वहीं इसका म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है. इसे शेखर कम्मुला ने निर्देशित किया है.

# खत्म नहीं हो रहा भूल भुलैया 3 का क्रेज, 15वें दिन 220 करोड़ का आंकड़ा कर लिया पार




कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का बॉक्स ऑफिस पर डंका बज रहा है. दिवाली रिलीज ये फिल्म वाकई बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के पहले दिन से धमाका कर रही है और दो हफ्ते पूरा होने के बाद भी भूल भुलैया 3 का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ ये फिल्म करोड़ो में कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है?1 नवंबर को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों अजय देवगन की सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का टकराव हुआ था. शुरुआत में तो सिंघम अगेन ने भूल भुलैया 3 पर बढ़त बनाए रखी थी लेकिन फिर कार्तिक की हॉरर कॉमेडी ने अजय की एक्शन थ्रिलर को ऐसी पटखनी दी कि अब सिंघम अगेन का पत्ता ही साफ होता नजर आ रहा है. फिलहाल श्रूह बाबाय और श्मंजुलिकाय ने बॉक्स ऑफिस को अपने कब्जे में किया हुआ है और इसी के साथ ये फिल्म बॉबी देओल और सर्या की नई रिलीज कंगुवा के आगे भी खूब कमाई कर रही है.इसी के साथ श्भूल भुलैया 3य सिनेमाघरों में दो हफ्ते भी पूरे कर चुकी है इस दौरान इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने अपने बजट से काफी ज्यादा कमाई कर ली है. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है. श्भूल भुलैया 3य की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 158.25 करोड़ रुपये कमाए थे और दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 58 करोड़ रुपये रहा. अब श्भूल भुलैया 3य की रिलीज के 15वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक भूल भुलैया 3 ने रिलीज के 15वें दिन 4 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ श्भूल भुलैया 3य की 15 दिनों की कुल कमाई अब 220.25 करोड़ रुपये हो गई है. भूल भुलैया 3य में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अपनी दमदार अदाकारी के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया है.

इसी के साथ श्भूल भुलैया 3य की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस भी काफी शानदार रही है. 150 करोड़ की लागत में बनी ये हॉरर कॉमेजी 220 करोड़ से ज्यादा की

कमाई कर चुकी है. फिल्म के क्रेज को देखते हुए मेकर्स को उम्मीद है कि ये फिल्म तीसरे वीकेंड पर 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर देख लेगी. अब देखने वाली बात होगी कि ये फिल्म तीसरे वीकेंड में कितना कलेक्शन कर पाती है।

# द साबरमती रिपोर्ट की बाक्स आफिस पर स्लो ओपनिंग

अभिनेता विक्रांत मैसी काफी समय से फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को लेकर चर्चा में हैं। बीते शुक्रवार यानी 15 नवंबर को उनकी इस फिल्म ने सिनेमाघरों का रुख किया।इसमें भले ही विक्रांत की अदाकारी की तारीफ हुई, लेकिन कमजोर पटकथा और कहानी के चलते विक्रांत भी फिल्म की नैया पार नहीं लगा पाए।अब फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। आइए जानें विवादों के बीच आई इस फिल्म के पहले दिन का कारोबार। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन केवल 1.15 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो बेहद ही कम हैं।इस फिल्म को एडवांस बुकिंग में भी कोई फायदा नहीं मिला है, लेकिन निर्माताओं को उम्मीद है कि फिल्म को वीकेंड का फायदा जरूर मिलेगा।बता दें कि द साबरमती रिपोर्ट 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी है और पहले दिन की कमाई देख तो लगता है कि हिट होने के लिए फिल्म को काफी लंबा सफर तय करना होगा।यह गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित है। 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें ज्यादातर हिंदू तीर्थयात्री सवार थे।इस ट्रेन के एक कोच में कुछ लोगों ने आग लगा दी थी और इस घटना में 59 लोगों की जान चली गई। इसके चलते पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे।इस घटना और दंगों को हिंदी और अंग्रेजी मीडिया ने कैसे दिखाया, फिल्म द साबरमती रिपोर्ट इसे ही दिखाती है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन धीरज सरना ने किया है। फिल्म में विक्रांत एक पत्रकार की भूमिका में नजर आए हैं।



उनके साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना भी अहम किरदार निभाती दिखी हैं।बता दें कि द साबरमती रिपोर्ट के चलते विक्रांत को जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। उनके साथ–साथ उनके 9 महीने के बेटे को भी धमकाया गया था।इसके बाद विक्रांत बोले थे कि वह इसके कारण अपनी कहानियां कहना बंद नहीं करेंगे।उधर 1 नवंबर को सिंघम अगेन सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। पहले दिन सिंघम अगेन ने अपना जलवा बिखेरा था, लेकिन दिन बढ़ने के साथ इसकी कमाई में कमी आ गई. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सिंघम अगेन ने रिलीज के 15वें दिन 2.75 करोड़ रुपये और भूल भुलैया 3 ने 4 करोड़ रुपये की कमाई की है।

# हुमा कुरैशी ने अनाउंस की महारानी 4, सीरीज को दिया सक्सेस का क्रेडिट

हुमा कुरैशी की पॉलिटिकल ड्रामा वेब सीरीज महारानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया. सोनी लिव पर स्ट्रीम हुई वेब सीरीज के अब तक तीन सीजन आ चुके हैं. वहीं अब फैंस महारानी के चौथे सीजन का इंतजार कर रहे थे और इसी बीच हुमा कुरैशी ने सीरीज का चौथा सीक्वल अनाउंस कर दिया है.हुमा कुरैशी ने साल 2012 में आई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बॉलीवुड डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होंने डेढ़ इश्कियां, तरला, एक थी डायन और डबल एक्सेल जैसी फिल्मों में काम किया. लेकिन उन्हें जो पहचान महारानी जैसी वेब सीरीज से मिली, वो फिल्मों से हासिल ना हो सकी. इस बारे में खुद एक्ट्रेस ने खुलकर बात की है.हुमा कुरैशी ने कहा– एक इंडस्ट्री के तौर पर अब समय आ गया है कि हम अपने अंदर देखें और सोचें कि हम अपनी कहानियों को अलग तरीके से कैसे बता सकते हैं. दर्शक हमसे क्या उम्मीद कर रहे हैं या वे किसके लिए तैयार हैं. मैं स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स, बड़ी फिल्मों और इंडी फिल्में मिलाकर रही हूं. मुझे यही करना पसंद है, हर जगह अपना दांव लगाना.

हुमा कुरैशी ने अपनी पॉपुलर सीरीज महारानी को अपनी सक्सेस का क्रेडिट दिया. वे कहती हैं– मैं महारानी से पहले और बाद में अपने करियर को साफ तौर पर डिफाइन कर सकती हूं. ये वो शो था जहां लोग खड़े हुए और मेरी काबिलियत पर ध्यान दिया. इसकी सफलता ने लोगों को उन रोल्स में मेरी कल्पना करने पर मजबूर कर दिया जो वे पहले नहीं कर पाते थे. और अब, महारानी का सीजन 4 आने वाला है. इस दौरान हुमा कुरैशी ने ओटीटी पर अपनी कामयाबी और ओटीटी सिनेमाघरों से ज्यादा क्यों कर रहा है, इसपर भी बात की. उन्होंने कहा– ओटीटी एक बटन के टैप पर एंटरटेनमेंट देता है और ये बहुत बड़ी ताकत है. लेकिन मुझे लगता है कि ये एक अलग तरह के कंटेंट के लिए है. कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें बड़े पर्दे पर उसी तरह एक्सपीरियंस किया




जाना चाहिए जिस तरह से उन्हें फिल्माया गया हो. ये सेब और संतरे की तरह है, उनका मुकाबला नहीं करना चाहिए. दोनों माध्यम अलग–अलग एक्सपीरियंस के लिए हैं.

# तृप्ति डिमरी ने रेड आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें वह रेड आउटफिट में कहर ढाती नजर आ रही हैं. तृप्ति ने इस लुक में एक रेड लेदर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, जो उनकी स्टाइल को और भी ग्लैमरस बना रही है. लाइट मेकअप, खुले बाल और स्टाइलिश ईयररिंग्स के साथ तृप्ति ने कई कातिलाना पोज दिए हैं, जो फैंस को दीवाना बना रहे हैं. तृप्ति के इस हॉट लुक को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस की जमकर प्रतिक्रिया आ रही है. उनके फॉलोअर्स कमेंट्स में दिल और फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ कर रहे हैं. तृप्ति का ये लुक और उनकी कातिल अदाएं फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही हैं. इस ड्रेस में तृप्ति का कॉन्फिडेंस और उनकी अदा वाकई में काबिल–ए–तारीफ है. उनके स्टाइल और पर्सनालिटी के इस अनोखे मेल ने फैंस को एक बार फिर से उनका दीवाना बना दिया है.हाल ही में, त्रिप्ति ने स्लीवलेस मिनी ड्रेस में भी सबका ध्यान खींचा, जिसे सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट लक्ष्मी लेहर द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में दिखाया गया था। इस शानदार ड्रेस में डीप प्लंजिंग नेकलाइन, प्लीटेड डिटेलिंग और बैकलेस डिजाइन था, जो उनके आकर्षक लुक को और भी निखार रहा था। उन्होंने इस आउटफिट को व्हाइट टेक्सचर्ड हाई हील्स और स्टेटमेंट रिंग के साथ पूरा किया।अपने बेहतरीन फैशन सेंस के साथ, त्रिप्ति डिमरी लगातार ट्रेंड सेट करती रहती हैं और प्रशंसकों को प्रेरित करती रहती हैं। उनकी बोल्ड रेड लेटेक्स ड्रेस और शानदार मिनी ड्रेस लुक्स ने उन्हें स्टाइल आइकन के रूप में स्थापित किया है।



# शानदार ओपनिंग के बाद सूर्या की फैंटेसी ड्रामा को झटका, दूसरे दिन कंगुवा की कमाई में बंपर गिरावट

सूर्या और बॉबी देओल की कंगुवा ने ओपनिंग डे पर शानदार बिजनेस की. भले ही फिल्म को पहले दिन सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली हो. लेकिन दूसरे दिन फिल्म को डबल डिजिट तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा है. शानदार ओपनिंग के बाद फिल्म दूसरे दिन ही सूर्या की फैंटसी ड्रामा के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में बंपर गिरावट देखी गई.सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के अनुसार , कंगुवा का दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस 10.50–11.50 करोड़ रुपये की ग्रॉस कलेक्शन किया है. हालांकि, फिल्म का अभी तक ऑफिशियल कलेक्शन की रिपोर्ट नहीं आई है.कंगुवा ने पहले दिन 24 करोड़ रुपए कमाए, जिसमें तमिल वर्जन ने 14.9 करोड़ रुपए, तेलुगू ने 5.5 करोड़ रुपए, हिंदी वर्जन ने 3.5 करोड़ रुपए, मलयालम ने 7 लाख रुपए और कन्नड़ ने केवल 3 लाख रुपए कमाए. पहले दिन तक, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस से 28.50 करोड़ रुपए. पहले दिन फिल्म की तमिल ऑक्यूपेंसी 49.89प्रतिशत, हिंदी ऑक्यूपेंसी 11.47 प्रतिशत और तेलुगू ऑक्यूपेंसी 58.12 प्रतिशत रही.350 करोड़ रुपये के बजट में बनी कंगुवा ने दुनियाभर में 58.62 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर फिल्म के एक पोस्टर शेयर करके दी है. दूसरे दिन की दुनियाभर की कमाई का इंतजार है. शिवा की निर्देशित फिल्म में सूर्या के साथ दिशा पटानी, बॉबी देओल, योगी बाबू मुख्य भूमिकाओं में हैं फिल्म में सूर्या के भाई कार्थी कैमियो की भूमिका में नजर आए हैं कार्थी की एंट्री ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है।



# केजीएफ के मेकर्स की नई फिल्म महावतार नरसिम्हा का एलान, धांसू फर्स्ट लुक संग आया धमाकेदार टीजर

फिल्म केजीएफ और कांतारा के मेकर्स होम्बले फिल्म्स ने अपने फैंस के लिए अपनी नई फिल्म से एक टीजिंग पोस्टर शेयर कर फैंस को बेताब कर दिया था. होम्बले फिल्म्स की यह अगली फिल्म कौनसी है और इसका लीड एक्टर कौन हैं, यह सोच–सोच कर लोग परेशान हो गए थे. वहीं, होम्बले फिल्म्स ने अपने वादे के मुताबिक अपने प्रोजेक्ट से पर्दा हटा दिया है. इस फिल्म का नाम महावतार नरसिंहम है, जिसका फर्स्ट लुक शेयर कर दिया गया है.

होम्बले फिल्म्स ने फिल्म महावतार नरसिंहम का फर्स्ट लुक शेयर कर लिखा है, अंधेरे और अराजकता से बिखरी हुई दुनिया में... पौराणिक कथा, आधे मनुष्य, आधे शेर अवतार–भगवान विष्णु के सबसे शक्तिशाली अवतार की उपस्थिति का गवाह बनें, अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई की कहानी का अनुभव करें, फिल्म जल्द ही आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है.फिल्म हिंदी, कन्नड़, तमिल, तेलुगू और मलयालम में रिलीज होगी. मेकर्स ने दावा किया है कि वह जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट का एलान करेंगे, लेकिन फिल्म में लीड एक्टर कौन है, इसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है.



# विकास खंड बांसी में बक स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

ब्लाक संसाधन केंद्र, बांसी के सभागार में ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने कहा कि हम सभी को मिलकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना है शिक्षा, चिकित्सा ठीक होगा तो जनपद की अधिकतर समस्यायें ठीक हो जायेगी हमे विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना है जिससे प्राइवेट विद्यालयों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ेंगे स्पोर्ट ग्रान्ट में जो धनराशि मिलती है उससे खेल का सामान खरीदकर बच्चों को खेलने के लिए दे सभी लोग अतिरिक्त मेहनत करे सभी शिक्षक फार्मल ड्रेस में ही विद्यालय आयेगे, जीन्स, टीशर्ट पहनकर नहीं आयेंगे अभिभावको को जागरूक करते हुये बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये तथा बच्चे ड्रेस, जूता मोजा पहन कर विद्यालय आयें विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को ठीक कराना है। खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालयों में सभी क्लासरूम में टाइल्स लगाया



जाये इसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी/प्रधानाध्यापक विशेष ध्यान देकर अच्छी गुणवत्ता का टाइल्स लगवायें यदि विद्यालय की छत टपक रही है उसकी मरम्मत हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया विद्यालय फण्ड में जो धनराशि मिलती है उससे पेन्टिंग कराये जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने कहा कि मेरे द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है तथा प्रत्येक सप्ताह बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की जाती है जो शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे है उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। शासन के मंशानुसार जनपद को निपुण बनाना है निपुण सिद्धार्थनगर बनाने हेतु हिन्दी और गणित पर विशेष ध्यान देना है सभी शिक्षक अपनी डायरी भरें तथा विषयवार तैयार करें जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा जो एसओपी जारी की गयी है उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये प्रदेश में उप चुनाव के दृष्टिगत दिनांक 29 नवम्बर 2024 को कक्षा 1–3 तथा 30 नवम्बर 2024 को कक्षा 4–8 तक के बच्चों का एन.ए.टी. परीक्षा आयोजित किया जाना है जिसके लिए शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों की तैयारी कराये यह परीक्षा ओ.एम.आर.शीट पर करायी जायेगी जिसका परीक्षाफल मुख्यमंत्री डैसबोर्ड पर भी अपलोड किया जायेगा जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा में सुधार होगा तभी जनपद में सुधार होगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस कार्य में आप सभी का सहयोग प्राप्त होगा बच्चें आपको मॉडल रोल मानते है उन्हें उच्छी शिक्षा दे जनपद को निपुण बनाना है जनपद से जारी हुई ए.यू.पी.के अनुसार कार्य करे सभी शिक्षको द्वारा सहमति दी गयी। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसी, ए0आर0पी0, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन।

सिद्धार्थनगर–शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में थाना कोतवाली बांसी में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा सुना गया ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये जिलाधिकारी की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जो भी प्रकरण प्रस्तुत हुए जिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि आज और कल सभी हल्का लेखपाल राजस्व



निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बांसी प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी बांसी, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र गुप्ता, कोतवाल बांसी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# डुमरियागंज विकास खंड में प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–



जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज के ग्राम पंचायत सैमुवाडीह में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया। नामाकंन 108 के सापेक्ष उपस्थिती 75 पाया गया प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि अध्यापक की संख्या कम है निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. में बनाया गया, परंतु सैंपल नहीं रखा गया है रसोइए द्वारा एप्रन एवम हेड कैप के प्रयोग किया जा रहा है प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया निपुण के सम्बन्ध में वार्तालाप किया गया। विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिसमें मात्र 04 बच्चे उपस्थित पाए गए, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा सहकारी समिति



लि0, ग्राम–वासाचक वि0ख0–डुमरियागंज का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय श्री राम कृपाल चौधरी, सचिव उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय गोदाम पर डी0ए0पी0 उपलब्ध थी, जिसका वितरण किया जा रहा है। समिति पर अधिकांश किसान डी0ए0पी0 के द्वारा कतार में लगे थे। सचिव द्वारा बताया गया कि आज कुल 250 से अधिक बोरा डी0ए0पी0 वितरित किया गया है स आगामी 02 दिवस में और खाद उपलब्ध हो जाएगा स सचिव को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार उपस्थित सभी किसान भाईयों को खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समिति पर गोदाम एवं सचिव के कार्यालय में टाइलीकरण एवं प्लास्टर आदि का मरम्मत कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया गया है।

# बारात जा रहे वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

चित्रकूट(आरएनएस)। बांदा जिले के अतर्रा निवासी देवव्रत पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की रात को उनके पुत्र की शादी पर दोस्त अतर्रा के राजकुमार चौरिहा (73) कुछ बरातियों के साथ कार से राजापुर बारात जा रहे थे। कर्वी मंदाकिनी पुल पर उनकी अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें उल्टी व दस्त के साथ पसीना भी निकला। यह देखकर आनन फानन उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टर के जवाब देने पर जिला अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही उनके दोनों पुत्र मौके पर पहुंचे। सभी ने ठंड लगने की संभावना है। शनिवार को सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मृतक कृषि कार्य करते थे।

# पुलिस ने कोलौहा में हुई हत्या के नामजद आरोपी को पकड़ा

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने को अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने ग्राम कोलौहा में हुई हत्या के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपर एसपी ने बताया कि भरतकूप थाना के ग्राम कोलौहा निवासी ओमप्रकाश पुत्र हजारीलाल ने 20 नवम्बर को थाने में सूचना दिया था कि भाई किशोरीलाल को सर्वेश यादव ग्राम खेरिया बाइक से बघेलाबारी ले गया था। जहां शराब पिलाकर भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। सर्वेश यादव पुत्र रामनरेश यादव और सोनू पांडेय पुत्र सुदामा पांडेय दोनों ने मिलकर भाई को मारने की साजिश की थी। घटना के सम्बन्ध में थाना भरतकूप में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सर्वेश यादव को खेरिहा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। किशोरीलाल की हत्या के संबंध मे कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि किशोरीलाल पहले बाहर रहता था। कुछ समय से यहाँ पर रहा था। उसके दुकान में उठने बैठने व उसकी पत्नी से बातचीत करने को लेकर आपत्ति थी। जिसको लेकर दोनों के बीच गालीगलौज मारपीट हुई। मारपीट के दौरान सर्वेश ने मृतक किशोरीलाल की गर्दन पर पैर रख दिया।

# लोक अदालत में वाद निस्तारण को एक लाख नोटिस और सम्मन जारी

## -जिला जज ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट(आरएनएस)। जनपद न्यायालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए लगभग एक लाख नोटिस और सम्मन जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण करना है। जिससे वादकारियों का धन और समय न्यायालय के चक्कर लगाने में बर्बाद न हो। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए निरंतर प्री ट्रायल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों, अन्य विभाग के अधिकारियों और बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा रही है। इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी राममणि पाठक, एडीजे नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज नीरज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल आदि मौजूद रहे।

# फंदे से लटकता मिला दुकानदार का शव

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला मुख्यालय के कुबेरगंज मोहल्ले की सुनीता गुप्ता ने बताया कि पति बलराम गुप्ता पुत्र घनश्याम दास गुप्ता रैपुरा में जनरल स्टोर की दुकान करते थे। शुक्रवार की देर शाम को प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर आये तो किसी प्रकार की कोई बात नहीं थी। रात को उन्होंने बच्चों के साथ खाना खाया। इसके बाद वह अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। रात लगभग दस बजे बच्चों व पत्नी ने पति को कमरा खोलने की आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कंबल वितरण एवं रैन बसेरा का किया जा रहा व्यवस्था।

## व्यापारियों और एन जी ओ की ली जा रही मदद

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–


वर्तमान में ठण्ड / शीतलहरी का प्रकोप जनपद में व्याप्त हो गया है राजस्व विभाग / जिला प्रशासन द्वारा कमजोर वर्ग के निराश्रित व्यक्तियों / परिवारो को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से तहसीलो के माध्यम से कम्बल का वितरण एवं रैन बसेरा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन जनपद की स्थानीय संस्थाओ (एन०जी०ओ०) तथा व्यापार मण्डल से अपील करता है कि निराश्रित वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को ठण्ड से राहत पहुँचाये जाने हेतु अपने संसाधनो से यथा संभव कम्बल वितरण तथा अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था जनहित में कराये जाने का कष्ट करें।

इस बात की जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) उमाशंकर द्वारा दिया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा, वि0ख0–डुमरियागंज में भवन के प्लास्टर, खिड़की दरवाजा, चौनल गेट, की मरम्मत सहित विद्युतीकरण एवं टाइलीकरण आदि का कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्री अमित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, डुमरियागंज व प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, वि0ख0–डुमरियागंज सहित अन्य उपस्थित रहे। भवन में प्रथम तल, द्वितीय तल पर आवश्यकतानुसार प्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई–पुताई एवं अन्य कार्य क्षेत्र पंचायत–डुमरियागंज द्वारा कराया जा रहा है भवन पर प्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य प्रगति पर है भवन में सीलन के सम्बन्ध मे अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि छत की मरम्मत चिकित्सालय द्वारा कराया गया है। शौचालय जल निकासी समुचित न होने के कारण सीलन है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दीवाल की सफाई कराते हुए पुराना पेन्ट एवं खराब प्लास्टर निकालकर पुट्टी का प्रयोग करते हुए पेन्टिंग कार्य कराने के निर्देश दिये गये भवन के छत पर वर्षा का पानी के लिए निकासी पाइप लगाने के निर्देश दिये गये प्रतिक्षालय में लगे बेन्च खराब हो गयी है, जिसे ठीक कराने के निर्देश दिया गया अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सभी शौचालय में सीट, टोटी, पाईप सहित आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिया गया



स्वास्थ्य केन्द्र पर ओ0पी0डी0, लेबर रूम, सामान्य वार्ड एवं पी0आई0सी0यू0 तथा क्षयरोग नियन्त्रण कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा को निर्देशित किया गया खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया आपस में समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

राजापुर (चित्रकूट)(आरएनएस)। थाना अंतर्गत कस्बे के वार्ड 13 रामनर स्थित घर में महिला परिवारिक विवाद के चलते शुक्रवार की देर शाम को कमरे में लगे पंखे में फंदे पर झूल गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

राजापुर निवासी दुर्गेश ने बताया कि उसकी मां मोना पांडेय का शव घर के कमरे में फंदे में झूलता मिला। पिता नरोत्तम पांडेय गुजरात के अहमदाबाद में एक फैक्ट्री में काम करते हैं। कई दिनों से घर नहीं आए। इससे मां परेशान रहती थी। जिससे उसने खुदकुशी कर लिया है। इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो पुत्री गुड़िया, रानू व एक पुत्र है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घरेलु कलह के कारण महिला ने खुदकुशी की है।

# पसंदीदा पर्यटन स्थल को करे वोट – डीएम

चित्रकूट(आरएनएस)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय के द्वारा चलाए जा रहे देखो अपना देश–पीपल्स चॉइस–2024 को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भव्य रूप देने के लिए प्रत्येक जनपदों में अभियान चला रहा हैं। 25 नवम्बर तक चलने वाले इस कैम्पेन में जन सामान्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी के अलावा जनपद का कोई भी नागरिक राज्य व जनपद में स्थित अपने पसंदीदा स्थल को वोट दे सकता हैं। साथ ही सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

र्यटन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश में यह भी कहा गया है कि इस महाअभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले को आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। कहां पर घूमने की योजना हैं, कहां घूमकर आए हैं आदि सूचनाए भी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य प्रदेश के धार्मिक, अध्यात्मिक, सांस्कृतिक व भगवान बुद्ध, प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण सहित अन्य ऐतिहासिक व प्राकृतिक विरासत से जुड़े सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों के सम्बन्ध में आम लोगो की राय जानना हैं।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

—क्षेत्र में भूमि विवाद की शिकायत मिली तो जिम्मेदार होंगे लेखपाल–कानूनगो डीएम

—पीड़ितो से दूरभाष पर बात कर लिया फीडबैक

चित्रकूट(आरएनएस)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने थाना रैपुरा में फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

शासन के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरूण कुमार सिंह ने थाना रैपुरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निर्देशित किया। कहा कि भूमि संबंधित विवाद, नाली, चकरोड, सरकारी भूमि, तालाब आदि अवैध अतिक्रमण को संज्ञान में लेकर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने अगरहुंडा के मुन्नीलाल पुत्र स्व छोटा, चकगौरा के रामशरण पुत्र नत्थू से दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण का फीडबैक भी लिया। कहा कि शिकायतोंका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। निस्तारण रजिस्टर को भी देखा। अगरहुंडा के पपीता, परदेसी, लधौरा बरेठी के जय प्रकाश, अजय कुमार, बबलू कुमारिया की समस्या को



मौके पर ही निस्तारण कराया गया। एसपी ने कहा कि महिला सम्बन्धित समस्या मौके पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ने पुलिस ध्वज प्रदान किया। एसपी ने डीएम व एसडीएम को झंडे का स्टीकर भी लगाए। इस दौरान एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा सहित कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे। चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मारकुंडी व मानिकपुर में थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया स्वास्थ्य स्वच्छ्ता एवं पोषण दिवस का निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी, जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैमुवाडीह में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया गया ग्राम प्राथमिक विद्यालय में आयोजित सत्र में एएनएम श्रीमती सरिता भारती, राधिका देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा शकुन्लता उपस्थित मिली भ्रमण के दौरान बेबी अनन्या, आर्यन, शीतल के टीकाकरण कार्ड का अवलोकन किया गया गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण किया जा रहा है आशा की डायरी अपडेट नहीं थी, निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से अपडेट करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी एएनएम के पास अपडेट ड्यू लिस्ट भी उपलब्ध थी जिसके अनुसार टीकाकारण लगाया जा रहा है एएनएम के पास सभी किट एवं दवा उपलब्ध पाया गया। आंगनबाड़ी के पास इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, वजन मशीन उपलब्ध पाया गया गर्भवती महिलाओं की सूचना पोषण टैकर पर फीड़ करने के निर्देश दिया गया।

ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि ड्यु लिस्ट के अनुसार नियमित रूप से टीकाकरण करें गर्भवती



महिलाओं एवं बच्चों के परिजनों से आशा भ्रमण का सत्यापन किया गया सभी द्वारा बताया गया कि आशा नियमित भ्रमण करती है, करके दवाओं व अन्य जानकारी प्रदान किया जा रहा है टीकाकरण केन्द्र पर ब्भ्व् सुश्री अंशु उपलब्ध थी जिनके द्वारा ग्राम वासियों के बी.पी. शुगर आदि का स्क्रीनिंग किया जा रहा है निरीक्षण के समय श्री विकास चौधरी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा, डीएमसी यूनिसेफ, श्री रूपेश, खण्ड विकास अधिकारी श्री अमित सिंह उपस्थित रहे ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।